


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



नए शो जनम जनम का साथ को ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 04 दिसंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 344 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## गीता शाश्वत है, नित्य है, सत्य है

### भारत के ज्ञान के भंडार को दुनिया ने किया स्वीकारः राजनाथ

बेंगलुरु। गीता जयंती महोत्सव में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के ज्ञान के भंडार को दुनिया ने स्वीकार किया और अपनाया है। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि भौतिक सफलता के बावजूद लोगों को आध्यात्मिक कल्याण की तलाश है, आधुनिकता के बावजूद हम अपने अस्तित्व के सवालों के जवाब खोजने के लिए अध्यात्म का दरवाजा ही खटखटाते हैं। उन्होंने साफ शब्दें में कहा कि भारत के ज्ञान के भंडार को दुनिया ने स्वीकार किया और अपनाया है। उन्होंने आगे कहा कि हमें गीता को केवल एक धार्मिक ग्रंथ के रूप में नहीं देखना चाहिए, यह प्रेरणा का स्रोत है। हम गीता की सलाह का पालन करके सही विकल्प चुनने और जीवन की कई समस्याओं को हल करने में सक्षम होंगे और स्वयं सहायता पुस्तकों की आवश्यकता नहीं होगी। भाजपा नेते ने इस कार्यक्रम में कहा कि श्रीमदभगवतगीता की जयंती मनाना, इस बात का प्रतीक है, कि हम गीता को एक ग्रंथ भर नहीं मानते हैं। हम गीता को कुछ विचारों, और सूत्रों की अभिव्यक्ति भर नहीं मानते हैं। बल्कि गीता को हम, जीती–जागती ज्ञान गंगा मानते हैं, जो प्राचीन काल से मानव को अपने ज्ञानामृत से सींचती चली आई है। उन्होंने कहा कि हम सब तो आम इंसान हैं। अपनी बुद्धि के अनुसार गीता का एक दिवस मान लेते हैं, और प्रतिवर्ष उसकी जयंती मनाते हैं। पर वास्तव में तो गीता मनाने की नहीं, बल्कि मानने का आग्रह है। मानने की भी नहीं, बल्कि यह जीने का आग्रह है। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूँ, अनादिकाल से चले आ रहे मानवीय भावों को उदात्त करने का एक माध्यम है। गीता शाश्वत है, नित्य है, सत्य है। इसलिए गीता का कोई एक दिवस न होकर हरेक दिवस होना चाहिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि हरि अनंत हरि कथा अनंताश की भांति गीता भी मैं समझता हूं अनंत है, और इसकी व्याख्या अनंत है। अब तक जिन ग्रंथों के सर्वाधिक भाष्य मिलते हैं, गीता उनमें से एक है। स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी से लेकर पंडित नेहरू, महर्षि अरविंदो, लोकमान्य तिलक ने गीता को अपने–अपने ढंग से देखा है। उन्होंने कहा कि गीता हमें ऐसा सूत्र प्रदान करती है, जिसके सहारे हम अपनी आत्मा का दर्शन कर सकते हैं। आज इंसान को बाहरी दुनिया की बड़ी चिंता रहती है। दिल्ली में क्या हो रहा है, अमेरिका में क्या हो रहा है, लंदन में, फ्रांस में क्या घटित हो रहा है, उसे बड़ी चिंता रहती है। पर हमारे मन में क्या घटित हो रहा है, हम किस ओर जा रहे हैं, इसे देखने के लिए अपने अंतस में झाँकने की फुर्सत किसी को नहीं होती है। हम बाहरी दुनिया में इतने खोये होते हैं कि उसमें ही सुख ढूँढ़ते हैं।



## राजस्थानः गैंगवार से फिर दहला सीकर, गैंगस्टर राजू की हत्या

### लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

जयपुर। गैंगस्टर राजू थेठ की राजस्थान के सीकर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। सीकर के उद्योग नगर इलाके में उनके घर के पास अज्ञात बदमाशों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार आनंदपाल गिरोह में राजू ठेठ की रंजिश चल रही थी। सूत्रों से पता चला है कि आनंदपाल गैंग और लॉरेंस बिश्नोई गैंग मिलकर काम कर रहे थे। लॉरेंस गैंग के हिस्ट्रीशीटर रोहित गोदारा ने राजू ठेठ की मौत की जिम्मेदारी ली है। साथ ही उन्होंने कहा कि उन्होंने आनंदपाल और बलवीर की हत्या का बदला ले लिया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बदमाश पीड़िता पर सरेआम फायरिंग कर रहे हैं। वीडियो में चार आरोपी नजर आ रहे हैं। घटना की जिम्मेदारी लेने वाला रोहित गोदारा फिलहाल अजरबैजान से लॉरेंस एंड गोल्डी की क्राइम कंपनी चलाता है। वह भारत में वांछित अपराधी है। फरारी के दौरान दीपक टीनू को पनाह देने और ग्रेनेड देने में रोहित का हाथ था। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के सूत्रों के मुताबिक, बदमाश 10 साल से राजू ठेठ को मारने की योजना बना रहे थे।



## गुजरात में कांग्रेस ने भरा जीत का दम, गहलोत बोले– भाजपा के खिलाफ राज्य में मजबूत सत्ता विरोधी लहर

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार आज थम जाएगा। गुजरात में दूसरे चरण में 93 सीटों पर 5 दिसंबर को वोटिंग होनी है। गुजरात में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। हालांकि, आम आदमी पार्टी के आने से इस बार का चुनाव दिलचस्प माना जा रहा है। इन सब के बीच गुजरात में कांग्रेस को उम्मीद है कि भाजपा के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की वजह से उसे फायदा मिलेगा और वह सरकार बनाने में कामयाब होगी। यही कारण है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी साफ तौर पर कहा था कि गुजरात में उनकी पार्टी को सफलता मिलेगी और उनकी पार्टी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। गुजरात में चुनावी पर्यवेक्षक की भूमिका निभा रहे अशोक गहलोत का भी बयान समय आ गया है। अशोक गहलोत ने दावा किया है कि गुजरात में भाजपा के खिलाफ स्पष्ट में सत्ता विरोधी लहर है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में आक्रामक प्रचार किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि गुजरात में सरकार विरोधी लहर बहुत तेज है और इसी लिए मोदी जी राज्य भर में इतनी जगहों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में उन्होंने (मोदी ने) 50 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। यह सोचने की जरूरत है कि ऐसा क्यों हुआ। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के गुजरात में डेरा डाले रहने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों की उपेक्षा करने के पीछे क्या कारण है? इसका मतलब सिर्फ इतना है कि मोदी को चुनाव हारने का डर है। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए आज प्रचार का आखिरी दिन है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना प्रचार खत्म कर चुके हैं। इस बार गुजरात में देखे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुल 31 से अधिक रैलियों को संबोधित किया। इसमें 3 मेगा रोड शो भी शामिल है। गुजरात में भाजपा प्रत्याशी 27 सालों से सत्ता में है। यही कारण है कि इस बार भी भाजपा ने सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ तौर पर गुजरात में गुजरात के विकास के लिए हर गुजराती को क्रेडिट दिया। इसके बाद उनका यह अभियान काफी लोकप्रिय हो गया।



## तीन बड़े रोड शो, 31 रैलियों को किया संबोधित, गुजरात के रण में दिखा पीएम मोदी का दम

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए आज प्रचार का आखिरी दिन है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना प्रचार खत्म कर चुके हैं। गुजरात चुनाव एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न है। यही कारण है कि इस बार के भी चुनाव में भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री मोदी ने जमकर चुनावी प्रचार को संबोधित किया। इस बार गुजरात में देखे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुल 31 से अधिक रैलियों को संबोधित किया। इसमें 3 मेगा रोड शो भी शामिल है। गुजरात में भाजपा प्रत्याशी 27 सालों से सत्ता में है। यही कारण है कि इस बार भी भाजपा ने सत्ता में वापसी के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ तौर पर गुजरात में गुजरात के विकास के लिए हर गुजराती को क्रेडिट दिया। इसके बाद उनका यह अभियान काफी लोकप्रिय हो गया। गुजरात में देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। हालांकि, मोदी का निशाना ज्यादातर कांग्रेस पर ही रहा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के जरिए कांग्रेस पर बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वह भ्रष्टाचार की राजनीति करती है। साथ–साथ अपनी रैलियों में मोदी ने कांग्रेस पर सरदार पटेल के अपमान का भी आरोप लगा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ तौर पर कहा है कि अगर डबल इंजन की सरकार होगी तो गुजरात का विकास ऐसे ही रफ्तार पकड़े रहेगा। उन्होंने यह भी कहा है कि गुजरात का यह चुनाव विधायक या मुख्यमंत्री चुनने का नहीं है, बल्कि अगले 25 सालों के भविष्य को तय करने के लिए है। प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी सभाओं में भीड़ भी जबरदस्त देखने को मिली।



## मध्य प्रदेश के धार में शादी समारोह में विषाक्त भोजन से कई लोग बीमार, 20 अस्पताल में भर्ती

धार। मध्य प्रदेश के धार जिले में एक विवाह समारोह में संदिग्ध विषाक्त भोजन खाने से कई लोग बीमार हो गए और उनमें से कम से कम 20 लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अनुविभागीय चिकित्सा अधिकारी ब्रम्हराज कौशल ने कहा, "धार के धामनोद में शुक्रवार रात एक विवाह समारोह में खाना खाने के बाद कई लोगों ने उल्टी की शिकायत की।" उन्होंने कहा कि इनमें से 20 लोगों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।



## कश्मीर घाटी में भीषण ठंड का दौर, होटलों में दुबके घाटी घूमने गये पर्यटक

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में चिलचिलाती ठंड का दौर शुरू हो गया है। हम आपको बता दें कि कश्मीर घाटी में तापमान में गिरावट के कारण आज श्रीनगर और आसपास के इलाकों में कोहरे की घनी परत छाई रही। दृश्यता भी बहुत कम रही जिससे वाहनों को किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए फॉग लैंप और लाइटिंग का उपयोग करने के लिए मजबूर होना पड़ा। लोग अपने सिर और शरीर के अंगों को भी ढक कर खुद को गर्म रखने के लिए अलाव के पास खड़े पाये गये। भीषण ठंड और कोहरे से बचने के लिए लोग जहां तमाम उपाय कर रहे हैं वहीं पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों की परेशानी भी बढ़ गयी है। शिकारा और हाउसबोट वालों का कहना है कि पर्यटक इस ठंड में होटल से बाहर नहीं निकल रहे हैं क्योंकि इस समय शिकारा की सैर करने पर कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा है। बहरहाल, माना जा रहा है कि कश्मीर घाटी में जल्द ही बर्फबारी भी होने की संभावना है।



## भारतीय नौसेना का लक्ष्य 2047 तक आत्मनिर्भर बनना हैः एडमिरल आर हरि कुमार

नयी दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को कहा कि भारतीय नौसेना ने सरकार को बताया है कि वह 2047 तक 'आत्मनिर्भर' बन जाएगी। उन्होंने नौसेना दिवस पर संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि नौसना हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के विभिन्न सैन्य एवं अन्वेषण जहाजों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखती है। कुमार ने कहा कि भारतीय नौसेना ने पिछले एक साल में बहुत ऊंची अभियानगत क्षमता हासिल की है तथा समुद्री सुरक्षा की अहमियत पर अधिक बल दिया जा रहा है। नौसेना प्रमुख ने कहा, "सरकार ने हमें आत्मनिर्भर भारत पर स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए हैं। हमने बताया है कि भारतीय नौसना 2047 तक आत्मनिर्भर बन जाएगी।" एडमिरल आर हरि कुमार ने यह भी कहा कि अभियानगत क्षमता की दृष्टि से देखा जाए तो पिछले एक साल में हमारा बहुत व्यस्त समय रहा। उन्होंने कहा कि विमानवाहक आईएनएस विक्रांत का नौसेना के बेड़े में शामिल होना भारत के लिए ऐतिहासिक घटना है। उन्होंने कहा कि नौसेना का लक्ष्य देश के लिए 'भारत में निर्मित' सुरक्षा समाधान हासिल करना है। उन्होंने कहा कि नौसेना में करीब 3,000 अग्निवीर पहुंच गए हैं जिनमें से 341 महिलाएं हैं। नौसेना प्रमुख ने कहा कि पहली बार "हम महिला नाविकों को नौसेना में शामिल कर रहे हैं।






## हिंदुत्व को लेकर कांग्रेस और केजरीवाल पर बरसे ओवैसी, कहा– ये सभी अंधेरे का मुकाबला अंधेरे से ही करना चाहते हैं

हैदराबाद। देश में हिंदुत्व की राजनीति को लेकर वार–पलटवार का दौर लगातार जारी रहता है। बीजेपी के सत्ता में आने के बाद से विपक्ष लगातार उस पर हिंदुत्व की राजनीति करने का आरोप लगाता रहता है। हालांकि, यह बात तभी सत्य है कि पहले की तुलना में कई विपक्षी दलों का हिंदुत्व के प्रति नरम रवैया भी देखने को मिला है। अब यही कारण है कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों पर निशाना साधा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह सभी अंधेरे का मुकाबला अंधेरे से करना चाहते हैं। नफरत का मुकाबला नफरत से ही करना चाहते हैं।

दरअसल, हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि मैं हिंदू हूं और हिंदुत्व को मानता हूं। इसी को लेकर ओवैसी ने उन पर पलटवार किया है। ओवैसी ने साफ तौर पर कहा था कि दिल्ली ब्ड ने एक इंटर्व्यू में कहा कि मैं हिंदू हूं और हिंदुत्व को मानता हूं। इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि तो क्या वे भारत के संविधान को नहीं मानते? आप इससे देश में क्या संदेश दे रहे हैं? उन्होंने कहा कि पूरे भारत में लड़ाई ही इस बात को लेकर है कि हम च्ड मोदी से बड़े हिंदूत्ववादी हैं।

असदुद्दीन ओवैसी ने आगे कहा कि चाहे वह केजरीवाल हो या फिर जो भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं या फिर जो बाकी पार्टी के लोग हैं। ये सभी अंधेरे का मुकाबला अंधेरे से करना चाहते हैं। नफरत का मुकाबला नफरत से करना चाहते हैं। इन्हें फर्क ही नहीं पता है इसलिए तो भाजपा जीतती है। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर पूछे गए सवाल पर ओवैसी ने कहा कि मैं इसके पक्ष में नहीं हूं, यह देश की खूबसूरती का ध्रुवीकरण। गुजरात में सरकार से बिना अनुमति लिए कोई धर्म परिवर्तन नहीं कर सकता क्यों? अगर कोई धर्म परिवर्तन करना चाहता है तो आपसे क्यों पूछे?



# डीएम ने किया पारले चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारम्भ

बहराइच ।जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने नवागंतुक पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा व अन्य अधिकारियों, क्षेत्रीय संभ्रान्तजनों तथा प्रगतिशील गन्ना कृषकों के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच पारले चीनी मिल, परसेण्डी के डोंगा में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2022–2023 का शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त मिल गेट पर पहुंची प्रथम बैलगाड़ी के बैलों की पूजा कर गुड़ खिलाया तथा ग्राम कन्दैला के गन्ना कृषक राम संवारे को भी पुष्पमाला पहनाई, कम्बल व उपहार भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने गन्ना किसानों और मिल प्रबन्धन को सफल पेराई सत्र के लिए शुभकामनाएं दी।

डीएम डॉ. चन्द्र ने कहा कि पारले चीनी मिल की स्थापना से इस क्षेत्र के गन्ना किसानों को काफी फायदा हुआ है। उन्होंने मिल के जिम्मेदारान व गन्ना कृषकों से अपेक्षा की कि एक दूसरे के हित को दृष्टिगत रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। डीएम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकता गॉव, गरीब और किसान हैं। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा कृषकों की आय में गुणात्मक वृद्धि हेतु अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही हैं। डीएम ने किसानों से अपील की कि खेतों में फसल अवशेष व पराली को जलाएं नहीं बल्कि बेहतर प्रबन्धन के सहारे इससे कम्पोस्ट खाद तैयार कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं।

डीएम डॉ. चन्द्र ने किसानों से यह भी अपील की कि अपने आस–पास स्थिति गो आश्रय स्थलों को अतिरिक्त भूसा व पराली दान कर निराश्रित गोवंशों के संरक्षण में सहयोग प्रदान कर पुण्य के भागी बने। डीएम ने गन्ना विकास विभाग व चीनी मिल के प्रबन्ध तन्त्र को निर्देशित किया कि मिल क्षेत्र के किसानों को अधिसूचित प्रजाति के गन्ना बीज उपलब्ध कराये जाने में सहयोग प्रदान करें। श्री चन्द्र ने मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गन्ना किसानों के हित को सर्वोपरि रखते हुए मिल का संचालन करें तथा पूर्व की ही भांति समय से गन्ना किसानों को भुगतान की कार्यवाही भी सुनिश्चत करायें। इस अवसर पर जिला गन्नाधिकारी शैलेश कुमार मौर्य, चीनी मिल के महाप्रबन्धक अनिल सखूजा, फैक्ट्री मैनेजर अनिल यादव, मुख्य तकनीकि प्रबन्धक बी. के. पाण्डेय, गन्ना प्रबन्धक जगतार सिंह, बहाजुद्दीन व संजीव राठी, प्रगतिशील कृषक बब्बन सिंह, राजन सिंह सहित अन्य गन्ना कृषक तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# चौड़ीकरण कार्य की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

## भूमि अधिग्रहण व निर्माण कार्यो की प्रगति का देर शाम तक लिया जायजा

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने तथा पर्यटकों हेतु विश्व स्तर की समस्त आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु कराये जा रहे विभिन्न निर्माणाधीन विकास कार्यो का जिलाधिकारी नितीश कुमार ने गुरूवार की देरशाम स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने श्रीराम जन्मभूमि पथ (सुग्रीव किला से रामजन्म भूमि तक लंबाई 0.566 किमी.) व भक्ति पथ (श्रृंगार हाट से हनुमानगढ़ी होते हुये राम जन्म भूमि पथ तक लंबाई 0.742 किमी.) के निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा लिया। श्री राम जन्मभूमि पथ हेतु भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कर प्रभावितों को उनकी भूमि भवन एवं पुनर्वास तथा पुर्नव्यवस्थापन हेतु भुगतान किया जा चुका है तथा संबंधित भूमि–भवन का बैनामा भी किया जा सकता है, मार्ग के निर्माण का 39 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। भक्ति पथ के निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया के मार्ग से प्रभावित लोगोंध्दुकानदारों को उनकी भूमि–भवन का बैनामा किया जा सका है एवं दुकानों का प्रतिकर दिया जा चुका है तथा कुल प्रभावित दुकानदारों में सभी को मुआवजा दिया जा चुका है। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी व कार्यदायी संस्था को दोनों मार्गो के शेष कार्य में तेजी लाने, गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, पैदल चलने वाले श्रद्वालुओं के सुगम्य आवागमन के दृष्टिगत संपूर्ण मार्ग को बेहतर से बेहतर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रखने तथा दोनों मार्गो को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिये। तदोपरांत जिलाधिकारी ने राजघाट से गुप्तारघाट तक निर्माणाधीन बंधे मार्ग के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण के कार्यो का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की व कार्य तेजी लाने तथा मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से 15 मार्च तक प्रत्येक दशा में कार्य को पूर्ण करने हेतु अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई सरयू नहर खण्ड को निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा गुप्तारघाट में जनसुविधाओं के विकास कार्य (गुप्तारघाट में पंचमुखी महादेव मंदिर से गुप्तारघाट तक 24 मीटर चौड़ी सड़क एवं पार्किंग कार्य, दुकानों के निर्माण) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य संचालित पाया गया। कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया फेजदृ1 का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। जिलाधिकारी ने शेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने, मार्ग के मीडियन में आकर्षक फूलदृपौधे लगाने के साथ ही मार्ग के मीडियन में लगाए गए फूल पौधों को सुरक्षित रखने की स्थाई व्यवस्था हेतु जाली लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संपूर्ण पार्क व पार्किंग स्थल से जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त कार्यों में उच्च गुणवत्ता के सामग्रियों का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त निर्माणाधीन कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। साथ ही समस्त कार्यो को अपेक्षित अवधि के अंदर ही पूर्व करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सम्बंधित विभाग एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में सहयोग प्रदान करें राजनैतिक दल

बहराइच ।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी अर्ह नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि बूथ लेबिल एजेन्ट्स की तैनाती कर सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, बहराइच को उपलब्ध करा दें ताकि विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की अन्तिम विशेष अभियान तिथि 4 दिसम्बर 2022 के अवसर पर ज्यादा से ज्यादा लोगों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराया जा सके। डीएम डॉ. चन्द्र ने आमजन से अपील की है कि विशेष अभियान तिथि का लाभ उठाते हुए सभी छूटे हुए लोग तथा 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवक–युवतियां प्रपत्र–6 भरकर अपना नाम सूची में शामिल कराएं। बैठक के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की ओर सुझाव प्राप्त हुआ कि विशेष अभियान तिथि के अवसर पर समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेबिल अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। राजनैतिक दलों की ओर से प्राप्त हुए सुझावों के मद्देनजर डीएम डॉ. चन्द्र ने तत्काल समस्त एसडीएमध्निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मोबाइल के माध्यम से निर्देश दिया कि विशेष अभियान तिथि 4 दिसम्बर 2022 को सभी बूथ लेबिल अधिकारी आवश्यक प्रपत्रों के साथ मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेंगे। डीएम ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें ताकि जिले के लिए त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा सके। जिलाधिकारी डॉ चन्द्र ने बताया कि जनपद में अवस्थित 07 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल मतदेय स्थलों की संख्या 2697 व मतदान केन्द्र 1394 के सापेक्ष 2697 बूथ लेबिल अधिकारी तैनात किए गए हैं। जबकि आलेख्य की तिथि 09 नवम्बर 2022 को जिले के कुल मतदाताओं की संख्या 2530618 है जिसमें पुरूषों की संख्या 1340315, महिला 1190130 व अन्य श्रेणी के 173 मतदाता हैं। डीएम ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार दावे और आपत्तियॉ प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 08 दिसम्बर 2022 निर्धारित है। जबकि मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2023 को कर दिया जाएगा।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी मनोज व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, भारतीय कम्युनिस्ट पाटी से सिद्धनाथ श्रीवास्तव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से गोपी नाथ, सपा से जफर उल्लाह खॉ, भाजपा से श्रवण कुमार शुक्ला, बसपा से सुखराम प्रजापति, राष्ट्रवादी नेशनलिस्ट पार्टी से नकीब उर्फ मुन्ना, राष्ट्रीय लोकदल से डॉ. अजीम उल्लाह व रियाजुद्दीन सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने नेपाल सीमा से 250 ग्राम स्मैक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

बहराइच ।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत कोतवाली पुलिस नानपारा ने रात्रि गश्त के दौरान मोटरसाइकिल से अवैध मादक पदार्थ स्मैक सप्लाई करने जा रहे एक सप्लायर को 250 ग्राम स्मैक सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार भाव के अनुसार 2.50 लाख रुपए कीमत है। सप्लायर कहां से कहां सप्लाई करने जा रहा था जिसका पूछताछ अनुसंधान जारी है ।अपराध निरीक्षक मनोज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस टीम बीती रात्रि कस्बे की तरफ रात्रि गश्त करने जा रही थी इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक कुर्मिनपुरवा चौराहे के पास खड़ा है सूचनापर सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर युवक से पूछताछ की तो उसने अपने पास ढाई सौ ग्राम स्मैक होना बताया। स्मैक की मात्रा अधिक होने पर नानपारा पुलिस ने तत्काल मजिस्ट्रेट को सूचना दी ।ज्ञात हो कि बरामद स्मैक नेपाल सप्लाई होने वाली थी। 'नायब तहसीलदार के सामने ली गई युवक की तलाशी': कुर्मिनपुरवा बाईपास के पास संदिग्ध युवक के पास बरामद स्मैक की सूचना पर नायब तहसीलदार हबीबुर्रहमान अंसारी मौके पर पहुंचकर युवक की अपने सामने तलाशी ली। युवक के पास बरामद 250 ग्राम को अपने सामने शील करवाया। युवक के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय भेज दिया है। टीम में निरीक्षक मनोज सिंह के साथ मुख्य आरक्षी धर्मपाल, अजय यादव सहित अन्य शामिल रहे।

## वार्ड आरक्षण सूची हुई जारी कुछ प्रत्याशी खुश तो कुछ हुए मायूस

बहराइच। नगर निकाय का वार्ड वार आरक्षण तो शासन ने घोषित कर दिया है। अब सबकी नजर अध्यक्ष पद के आरक्षण पर लगी है। इसे लेकर प्रत्याशी अपने–अपनी कयासबाजी लगा रहे हैं ।नव गठित नगर पंचायत रुपईडीहा के वार्डो की आरक्षण लिस्ट घोषित होने के उपरांत देर शाम राजनीति गतिविधि भी तेज हो गई ।सम्भावित सभासद प्रत्याशी वार्ड वार आरक्षण को लेकर जानकारी करने में लगे रहे। आरक्षण की सूची को देखकर सभासद पद का चुनाव लड़ने की मंसूबा पाले कुछ खुश तो मायूस भी दिखे। नगर निकाय का वार्ड वार आरक्षण शासन ने घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही प्रत्याशियों की गतिविधि बढ़ गई। आरक्षण की वार्ड वार लिस्ट घोषित होने से पहले ही काफी प्रत्याशी सभासद का चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुके थे और वह खुद को संभावित प्रत्याशी बताकर प्रचार–प्रसार भी कर रहे थे। देर रात सूची आने के बाद वह यह जानने में लग गए कि उनका वार्ड में सभासद पद की आरक्षण की स्थिति क्या है। वहीं अब सबकी नजर अध्यक्ष पद के आरक्षण पर लगी है ।माना जा रहा है कि अगले एक–दो दिन में शासन इनका आरक्षण भी तय कर देगा कि रूपईडीहा नगर पंचायत का अध्यक्ष का पद किसके लिए आरक्षित है।

## सपा ने निकाय चुनाव लड़ने वालों से मांग आवेदन

अयोध्या। समाजवादी पार्टी में निकाय चुनाव में नगर पालिका और नगर पंचायत के सदस्य पद का चुनाव लडने के इच्छुक कार्यकर्ताओं से निर्धारित प्रोफार्मा पर आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हुई ।आवेदन पत्र जिला कार्यालय और संबंधित निकाय के विधानसभा अध्यक्ष के पास भी जमा किए जा सकते हैं ।अध्यक्ष पद के आवेदन आरक्षण आने के बाद सिर्फ जिला कार्यालय पर ही लिए जाएंगे ।उक्त जानकारी सपा प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने देते हुए बताया की प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल से प्राप्त निर्देशों के अनुसार निवर्तमान सपा जिला अध्यक्ष गंगासिंह यादव ने कहा की आवेदक आवेदन फार्म पूरी तरह से भरकर अपनी सक्रिय सदस्यता रशीद की फोटो प्रति भी सलग्न करेंगें ।अध्यक्ष पद के आवेदकों को समाजवादी बुलेटिन की आजीवन सदस्यता के रशीद की फोटो प्रति भी लगानी पड़ेगी। महानगर अयोध्या के आवेदक महानगर कार्यालय में आवेदन करेंगें ।

## सजपा आज मनायेगी देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती

अयोध्या। समाजवादी जनता पार्टी एवं समाजवादी विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम राष्ट्रपति स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती 3 दिसंबर पूर्वाहन 11:00 बजे से कैंप कार्यालय धारा मार्ग पर समारोह पूर्वक मनाई जाएगी उक्त घोषणा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं मंच के संयोजक अशोक श्रीवास्तव ने कैंप कार्यालय बल्ला हांता में जन जागरण अभियान के बैठक को संबोधित करते हुए किया उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश और प्रदेश में सरकार द्वारा जनता के बुनियादी समस्याओं महंगाई बेरोजगारी शिक्षा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा कृषि क्षेत्र से मुंह मोड़ रखा है जिससे यह समस्याएं दिनोंदिन विकराल होती जा रही हैं सरकारें जनता को धर्म जाति तथा संप्रदाय की विभाजन कारी नीति पर चलकर जनता को भ्रमित और विकास के झूठे सपने दिखा रही है ऐसे में आवश्यक है कि लोगों को आने वाले नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व जागरूक करने और जाति धर्म की भावनाओं से ऊपर उठकर अपनी बुनियादी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करके ही अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लिए प्रेरित किया जा सके पार्टी ने प्रदेश की योगी सरकार से मांग की है कि अयोध्या में विकास एवं सड़क चौड़ीकरण के नाम पर यहां के निवासियों एवं व्यापारियों के दुकानों और मकानों को गिराने से पूर्व उन्हें समुचित स्थानों पर उचित मुआवजा देकर विस्थापित किया जाए बैठक की उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश यादव एडवोकेट ने बताया कि जयंती समारोह में पार्टी एवं मंच के सभी प्रमुख साथियों एवं पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

# रामपथ चौड़ीकरण को लेकर व्यापारियों ने किया मौन अनशन

अयोध्या। राम पथ रोड चौड़ीकरण को लेकर अयोध्या जनपदवासी व्यापारी आम जनमानस राम जानकी मंदिर साहबगंज पर अपनी मांगों को लेकर मौन अनशन 3 घंटे के लिए किया। इस दौरान उनका कहना है हम भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार के विकास व सौंदर्यीकरण का विरोध नहीं कर रहे हैं सरकार की सभी योजनाएं बहुत अच्छी हैं सरकार हम सभी के हित के लिए कार्य कर रही है परंतु रामपथ चौड़ीकरण को लेकर सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण जिसमें पट्टाशुदा पर्चा सुदा फ्री होल्ड की नीतियों को लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें सरकार की तरफ से यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि इस योजना के अंतर्गत किस प्रकार का अधिग्रहण किया जाएगा? जिसकी भूमि अधिग्रहण करेंगे मुआवजे की प्रक्रिया क्या होगी ? जैसा कि सरकार कह रही है आप सभी जिस जमीन पर रह रहे हैं वह जमीन सरकार की है आप सभी को दुकान व भवन का मुआवजा दिया जाएगा वह भी मलबे बता कर मूल्य का बहुत कम जिसमे हम नींव भी नहीं भरा सकते, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अभी तक सरकार ने इस बात का स्पष्टीकरण नहीं किया राम पथ पर क्या–क्या योजनाएं उनकी रहेंगी ? जनता अपना अमूल्य वोट देकर सरकार बनाती है परंतु सरकार बनने के बाद आज जब जनता परेशान है सरकार का कोई प्रतिनिधि जनता का सहयोग व उनकी समस्याओं को सुनने के लिए नहीं आ रहा है हम सब की एक मांग है सरकार जो भी जमीन अधिग्रहण कर रही है उसके एवज में मुआवजा अच्छा दे जिस से संबंधित व्यक्ति को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो जमीन अधिग्रहण के बाद बची हुई जमीन को उस जमीन पर रहने वाले व्यक्ति को उसका उत्तराधिकारी व मालिक घोषित करें अभी तक हम लोग जिस जमीन पर रह रहे थे उस जमीन का मालिक अपने आप को मानते थे जिसका पर्चा सुधा जमीन का बैनामा कराए, दाखिल खारिज कर आए, अयोध्या विकास प्राधिकरण व नगरपालिका से मानचित्र पास कराएं, गृह जलकर कर बराबर देते आ रहे हैं, अभी तक किसी ने नहीं बताया आप इस जमीन के मालिक नहीं है जब तक फ्रीहोल्ड नहीं करा लेंगे, आज जब सरकार को जमीन की जरूरत पड़ी, सरकार हमारी भूमि को अधिग्रहण कर रही है, इसी संदर्भ को लेकर यह मौन प्रदर्शन 3 घंटे का किया जा रहा है, सरकार का प्रशासन का विरोध किसी तरीके से नहीं है एक मौन प्रदर्शन के दौरान ना रोड जाम करेंगे, किसी प्रकार की नारेबाजी नहीं करेंगे, आम जनमानस को किसी प्रकार से कोई दिक्कत नहीं होगी, शांतिपूर्ण ढंग से यह आंदोलन होगा, इस आंदोलन में मुख्य रूप से, अयोध्या राम पद के समस्त लोग मौजूद रहे।

## रामराज्य दिग्विजय रथ यात्रा के संतों ने की रामकोट की परिक्रमा

अयोध्या। रामराज्य दिग्विजय यात्रा ने राम जन्मभूमि परिसर की परिक्रमा किया। विगत पघंच अक्टूबर को श्री मणिराम दास की छावनी से प्रारंभ होकर 60 दिनों में भारत एवं नेपाल होकर महामंडलेश्वर श्रीशक्ति शांतानंद महर्षि के संयोजन में तीस नवंबर को अयोध्या वापस पंहुची। यह ऐतिहासिक यात्रा में सम्मलित संत धर्माचार्यों व भक्तों ने एक दर्जन वाहन व रथ के साथ प्रातः रामकोट की परिक्रमा कर रामराज्य की पुनर्स्थापना और सामाजिक समन्वय के साथ ही राष्ट्र की एकता अखंडता के लिये रामलला से प्रार्थना की। ज्ञातव्य हो के रल के प्रसिद्ध संत शक्ति शान्तानंद के मार्गदर्शन और संयोजन में श्रीराम की दिग्विजय रथयात्रा संपूर्ण भारतवर्ष के सताइस राज्यों में सामाजिक समन्वय और राष्ट्रीय एकता,समता को बल प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर प्रारंभ हुई थी। मणिराम दास छावनी के राम कथा मंडप परिसर से प्रातःरामकोट परिक्रमा के लिये प्रारंभ हुई यात्रा का नयाघाट, श्रृंगारहाट ,हनुमान गढी,बिड़ला धर्मशाला, टेढ़ीबाजार, असर्फी भवन ,मतगजेन्द्र,पोस्ट आफिस तिराहे पर स्थानीये रामभक्तों संत धर्माचार्यों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान यात्रा आयोजन समिति सदस्य शरद शर्मा, पार्षद पुजारी रमेश दास,नागा अर्जुन दास,भाजपा नेता गिरीशपति त्रिपाठी, छोटे पांडेय, डां सी बी सिंह,संत विमलकृष्ण दास,संत दिवाकराचार्य, दीपक शास्त्री,सुरेश स्वामी,प्रदिप्त जी, डां रमेन्द्र द्विवेदी, अनिरुद्ध तिवारी,महंत कृपालु महाराज आदि समलित हुऐ। यात्रा का समापन शनिवार को गीता जयंती तीन दिसंबर को आयोजित यज्ञ के साथ होगा। इस दौरान अनेक संत धर्माचार्य संत महंत तथा राम भक्त उपस्थित रहेंगे।

# पायनियर स्कूल में भारत के प्रथम राष्ट्रपति की मनाई गई जयंती

## आयोजित हुई विविध प्रतियोगिताएं

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यापर्ण व द्वीप प्रज्जवलित कर हुआ। विद्यालय के प्रबंधक डा एमपी तिवारी ने छात्र छात्राओं को डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन से परिचित कराया। विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता एवं अंकगणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्राइमरी ग्रुप से श्रेयांस, मानिक, विनायक, आराध्या एवं तनमय आदि छात्रों ने अपना–अपना विचार प्रस्तुत किया। सीनियर ग्रुप में जितेन्द्र, अंशिका, माशू, नुजहत, आकृति, यशी, आदिती, स्नेहाशीष, स्वरा, सुनैना एवं आयुशी आदि छात्र–छात्राओं ने डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के जीवन परिचय के बारे में अपना–अपना विचार प्रस्तुत किया। कला प्रतियोगिता के अन्तर्गत आराध्या श्रीवास्तव एवं मानिक श्रीवास्तव ने उनके चित्र को बनाकर अपनी–अपनी कला का प्रदर्शन किया। अंकगणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से शास्वत, अविका, इलमा, रीति, अभ्युदय, वैष्णवी आदि, एलकेजी से आराध्या, काव्या, हलाता, अक्षत, दैविक एवं आदिस आदि, यूकेजी से मोहनी, पारूल, एंजल, कुदेशिया, अतेन्द्र एवं प्रज्ञा आदि ने प्रतिभाग किया। वही कक्षा एक से अवन्तिका, विराट, अमन, आरूष, विवेक, आशि एवं यशवी आदि, कक्षा दो से विराट, मानविक, तनय, मेधावी, रत्नप्रिया, अनुष्का, रिया एवं मरियम आदि, कक्षा तीन से श्लोक, वर्णित, सिद्धी, आदित्य, आर्यश, शिवांस एवं श्रेष्ठ आदि ने प्रतिभाग किया। वही कक्षा चार से वीरा, प्रांजल, अनुराग, आकर्ष, अविरल, पुष्कर एवं आराध्या आदि व कक्षा पांच से मनिक, तनमय, विनायक, आराध्या, नव्या, इलमा, दिव्यांसी एवं श्रेयांश आदि ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया।



# आरक्षण को लेकर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मुन्ना पांडे ने लगाया आरोप, विसंगतियों में तैयार की गई है आरक्षण सूची

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कई वार्ड में उठा आपत्तियां तो कई वार्डों में लगातार सामान्य सीट रहने से भी लोगों में चर्चा बनी हुई है आपको बता दें कि नगर निकाय चुनाव को लेकर वार्डों का आरक्षण घोषित कर दिया गया है जिसमें जनपद सिद्धार्थनगर के विभिन्न वार्ड में विसंगतियों को लेकर सभासद प्रत्याशियों ने आरोप लगाना चालू कर दिया है शनिवार को पंडित दीनदयाल नगर के संभावित सभासद प्रत्याशी मुन्ना पांडे ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल नगर में सबसे ज्यादा संख्या जनरल कैटेगरी की है लेकिन 38 प्रतिशत के होते हुए भी पिछड़ी जाति को आरक्षण दे दिया गया है जो पूरी तरह गलत है वही अन्य वार्ड में जहां आरक्षण की सबसे ज्यादा जरूरत थी वहां कोई चेंज नहीं किया गया






है पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ने बताया कि जिला अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज कर दी गई है पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मुंडा पांडे ने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर वार्ड नं०–3 की कुल जनसंख्या 2958 है रैपिड सर्वे के अनुसार पिछड़ी जाती की संख्या 1159 है, जो कि गणनानुसार 39.181ः है। तथा इन्दिरा नगर वार्ड न0–11 की कुल जनसंख्या 2212 है। रैपिड सर्वे के अनुसार पिछड़ी जाति कि संख्या 1001 है, जो कि गणनानुसार 45.253ः है, तथा भगत सिंह नगर वार्ड न0–22 कि कुल जनसंख्या 2577 है, रैपिड सर्वे के जाति कि संख्या 1123 है, जो कि गणनानुसार 43.577ः है। लेकिन वहां कोई बदलाव नहीं किया गया है यदि मेरी अप्पतियों को दूर नहीं किया गया तो हम सभी ग्रामवासी मुख्यमंत्री को शिकायत करने के लिए विवश होंगे वैसे आपको बता दें नगर निकाय चुनाव के लिए वार्डों की आरक्षण सूची जारी होने के बाद कुछ दावेदार स्वतः मैदान से बाहर हो गए हैं तो कुछ ने राजनीतिक समीकरण के कारण वार्ड बदलने की तैयारी कर ली है। हालांकि, जिले के 11 नगर निकायों में कई दावेदार आरक्षण के कारण मैदान से बाहर हो गए हैं, जबकि उन्होंने कई महीने पहले ही तैयारी शुरू कर दी थी। आरक्षण की सूची के संबंध में शुक्रवार को राजनीतिक समीकरणों पर चर्चा होती रही। सभी निकायों की 186 सीटों में इस बार 66 महिला सीटें बनाई गई हैं। जिन सीटों पर पुरुषों ने अपने पोस्टर चस्पा किए हैं, उनमें कई पोस्टर पर उनकी पत्नी के भी फोटो चस्पा होने वाले हैं। नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर और नगर पंचायत शोहरतगढ़ में सीमा विस्तार हुआ है। इन दोनों निकायों में वार्डों का दायरा बढ़ गया है। इस कारण एक ही सीट पर दो निवर्तमान सभासद चुनावी मैदान में नजर आ सकते हैं। नगर निकायों में आरक्षण के संबंध में एक सप्ताह के अंदर आपत्तियां मांगी गई हैं। बताया जा रहा है कि नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर व बांसी में सभासद पद के लिए कई दावेदारों की राह में आरक्षण का रोड़ा आ गया है। नवसृजित नगर पंचायत कपिलवस्तु, बढ़नीचाफा, भारतभारी, बिस्कोहर एवं इटवा में लोगों में भी निकाय निर्वाचन के प्रति उत्सुकता है। जानकारों का कहना है कि नगर पंचायत उसका, बढ़नी, शोहरतगढ़ एवं डुमरियागंज की आरक्षण सूची ने कुछ लोगों का चुनावी गणित बिगाड़ दिया है तो कुछ लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं है। जिले के 11 नगर निकायों में 2,69,256 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 1,33,299 महिला मतदाता हैं।

# कुलपति ने शिक्षको को दिया प्रशस्ति पत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु कुलपति





प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव द्वारा दो शिक्षकों को विशेष उपलब्धि के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विगत दिनों भौतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं विज्ञान संकाय के अध्यक्ष परिसर प्रोफेसर देवेश कुमार को अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय द्वारा विश्व के 2ः वैज्ञानिकों में चयनित किया गया था। प्रोफेसर देवेश कुमार को यह उपलब्धि लगातार तीसरे वर्ष प्राप्त हुई है। प्रो देवेश कुमार को पुरस्कृत करते हुए कुलपति प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव ने कहा कि प्रोफेसर देवेश कुमार की उपलब्धि उनके सतत अध्यवसाय एवं परिश्रम को विश्वव्यापी स्वीकृति तो है साथ ही साथ इससे सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का मान बढ़ा है। विशेष रूप से इस अत्यंत ग्रामीण अंचल में स्थित नेपाल सीमावर्ती के समीप सिद्धार्थ विश्वविद्यालय आसपास के शैक्षिक जगत के वातावरण को उपलब्धि और भी गौरव प्रदान करेगी। विदित है कि प्रोफेसर देवेश कुमार द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में 131 उत्कृष्ट पत्रों का प्रस्तुतिकरण किया गया है। विज्ञान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो मूल्यांकन होता है उसमें ी–पदकमग 51 तथा सूचकांक 8500 से भी अधिक है। प्रो देवेश दुनिया के अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों में भी कार्य कर चुके हैं। इसी क्रम में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को जीवंत स्वरूल प्रदान करने के कारण हिंदी विभाग में संयुक्त आचार्य डॉ सतेंद्र कुमार दूबे को भी कुलपति प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कुलपति प्रोफेसर श्रीवास्तव ने डॉक्टर सत्येंद्र कुमार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि डॉक्टर सत्येंद्र एक योग्य शिक्षक होने के साथ–साथ बहुआयामी प्रतिभा संपन्न व्यक्तित्व के रूप में इस विश्वविद्यालय को निरंतर आगे बढ़ाने में अपना योगदान कर रहे हैं। एक कुशल समन्वयक श्रेष्ठ प्रबंध करता मौलिक परिकल्पनशिल्पी सफल नाट्य संगीत निर्देशक परिपक्व अभिनेता और प्रभावी मंच संचालक के रूप में उनका व्यक्तित्व हम सभी के लिए विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए अनुकरणीय है। उनके इस आकर्षक एवं प्रेरणादाई कार्य से विश्वविद्यालय नित नवीन ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। शैक्षिक जगत के साथ–साथ शिक्षणेत्तर गतिविधियों के नाते विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ–साथ और कलाओं को सीखने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर सौरव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विश्वविद्यालय के शिक्षक विद्यार्थी नित नए अनुसंधान एवं उत्कर्ष उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रोफेसर हरिबहादुर श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम में दीनदयाल शोध पीठ की चेयर प्रोफेसर मंजू द्विवेदी कुलसचिव डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह सहित विश्व विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रक्षा ने किया। उक्त जानकारी सूचना जनसंपर्क अधिकारी डॉ अविनाश प्रताप सिंह ने दी है।

# ग्राम पंचायत गनेरा में हुई खुली बैठक किया गया तमाम कार्यों पर विचार विमर्श

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास बाजार/सिद्धार्थनगर। सदर विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत गनेरा के पंचायत भवन के मीटिंग हाल में खुली बैठक किया गया। जिसमें आवास, इंटरलॉकिंग, नाली, चकमार्ग के अलावा, बृद्धा, विधवा,विकलांग पेंशन सहित तमाम मुद्दों पर विचार किया। तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुए कार्यों के बारे में चर्चा किया गया। लोगों को सरकार के जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में बताया गया। ग्राम पंचायत गनेरा में स्थित पंचायत भवन के मीटिंग हाल में ग्राम पंचायत की खुली बैठक हुई। जिसमें ग्राम पंचायत में हुए पक्का कार्य, इंटरलॉकिंग, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास, नाली, मिट्टी कार्य, बृद्धा, विधवा, विकलांग



पेंशन आदि पर चर्चा हुआ। इसके अलावा छूटे हुए विकास कार्यों पर चर्चा हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी प्रीती गुप्ता,ग्राम प्रधान चंद्रजीत जायसवाल, पंचायत सहायक गोविंद, प्रहलाद, तमेशर, रामसुमेर, अजमत, जब्बार, रियाजुद्दीन, लतीफ, मुस्लिम, इलायची, शान्ति देवी, सावित्री देवी, तिलका, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील शोहरतगढ़ में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील शोहरतगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी संजीव रंजन, उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव द्वारा किया गया तथा पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस शोहरतगढ़ में






उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 72 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व–37, पुलिस विभाग से सम्बन्धित–11, विकास–14, विद्युत–02, स्वास्थ्य–02, समाज कल्याण–02, सरयू नहर–02, नगर पंचायत–01 मामले प्रस्तुत हुए। जिसमें 07 प्रार्थना–पत्रों को जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत–प्रतिशत निस्तारण की पूर्ति–01, कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0 नागेन्द्र मोहन त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभांगी कुलकर्णी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग बृज किशोर गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी, तहसीलदार शोहरतगढ़, तहसील शोहरतगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 200 मेगावॉट सोलर पावर प्लान्ट से जिले का होगा विकासः सांसद जगदम्बिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारत सरकार की एन0टी0पी0.सी0 टीम के साथ सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं जिलाधि





कारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में रेस्ट हाउस लो0नि0वि0, सिद्धार्थनगर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने बताया कि विद्युत उत्पादन हेतु 200 मेगावॉट सोलर पावर प्लान्ट, सैनिक स्कूल एवं वायो गैस एनर्जी प्लांट की स्थापना के लिए लगभग 500 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। जनपद के तालाब सागर, झील जहां पर पूरे वर्ष भर पानी रहता है वहां पर सर्वे की पावर प्लांट लगाने की कार्यवाही की जायेगी। सांसद डुमरियागंज ने बताया कि जनपद के किसानो से पराली खरीद कर उससे वायो एनर्जी गैस का उत्पादन किया जायेगा इससे किसानो की आय भी बढ़ेगी। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त ए0जी0एम0 एन0टी0पी0.सी0 एस0के0तिवारी, डी0जी0एम0 एन0टी0पी0.सी0 सौरभ गुप्ता, डी0जी0एम0 एन0टी0पी0.सी0 राजीव भट्ट, इंजीनियर वेस्ट टू एनर्जी हिमांशु फ्लोरिया आदि उपस्थित थे।

# मनरेगा योजना में जमकर धांधली, सिर्फ कागजों पर हुआ विकास कार्य



दैनिक बुद्ध का संदेश

पंकज चौबे/सिद्धार्थनगर। विकास खंड बढ़नी की सड़कों पर मनरेगा मजदूर भले ही काम करते न दिखते हो, लेकिन कागज में मजदूरों का फावड़ा तेजी के साथ चल रहा है। 77 ग्राम पंचायतों में लगभग सभी ग्राम पंचायतो में मनरेगा का काम चलने की गवाही अधिकारियों और मनरेगा की साइड दे रही है। ग्राम पंचायत ढेकहरि खुर्द में अर्रा नाला से खजुरिया सरहद तक नाला खुदाई कार्य में लगभग 70 लेबर 23 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक का मास्टर रोल निकाला गया। जिसकी भौतिक पड़ताल के लिए दैनिक बुद्ध का संदेश की टीम 2 दिसम्बर को कार्य स्थल पर पहुंची तो वह कोई भी लेबर कार्य करते नही दिखे इस सम्बंध में ग्राम प्रधान से बात करने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। खण्ड विकास अधिकारी बढ़नी संजय कुमार से उनके सरकारी नंबर पर कई बार फोन करने के बाद भी फोन रिसिब नही हुआ।

# राज्यपाल द्वारा सम्मानित होंगी एमएड की छात्रा मधुलिका सिंह



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास/सिद्धार्थनगर। रतन सेन डिग्री कालेज बांसी में बीएड विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह की सुपुत्री मधुलिका सिंह मूल निवासी ग्राम व पोस्ट पथरहट,जनपद देवरिया ने सत्र 2020–21 एपीएन पीजी कॉलेज खलीलाबाद से एम एड में 945ध10 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च अंक प्राप्त किया है। जिसे उत्तर प्रदेश की महामहीम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में आगामी 9 दिसम्बर को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। इस उपलब्धि के लिए उक्त महाविद्यालय के प्रबन्ध रानी वसुंधरा कुमारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक राजा जय प्रताप सिंह, कुँवर अधिराज सिंह, कुँवर अभय सिंह (छोटे राजा), प्रो. अर्चना मिश्रा, प्रो. निर्मला त्रिपाठी, डॉ संदीप पांडेय, अखिलेश उपाध्याय, आलोक दूबे, यतीन्द्र नाथ मिश्र, प्रवीण कुमार शुक्ल, मनोज कुमार मौर्य, सौरभ प्रताप सिंह व समस्त परिवार में खुशी की लहर है।

## सम्पादकीय

**तमिलनाडु के कन्याकुमार से यात्रा शुरू हुई थी तो राज्य में सत्तारूढ़ डीएमके के नेता और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उसके बाद केरल में भी कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों के नेता यात्रा में शामिल हुए। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस के पास कोई सहयोगी नहीं है। लेकिन यात्रा जब ...**

# यात्रा में सहयोगियों का साथ

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में सहयोगी पार्टियां खुल कर साथ दे रही हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही यात्रा जिन राज्यों से गुजरी वहां की सहयोगी पार्टियों ने तो साथ दिया ही लेकिन जहां यात्रा नहीं जा रही है वहां की सहयोगी पार्टियों के नेता भी यात्रा में शामिल हो रहे हैं। पहले ऐसा लग रहा था कि जिन राज्यों में यात्रा नहीं जाएगी वहां की यूपीए की सहयोगी पार्टियां यात्रा को सिर्फ नैतिक समर्थन देंगी। लेकिन जैसे जैसे भारत जोड़ो यात्रा आगे बढ़ी और इसे रिस्पांस मिला उसके बाद लगता है कि सहयोगी पार्टियों की राय बदली और उन्होंने यात्रा के खुला समर्थन देने का फैसला किया। कांग्रेस की एक बड़ी सहयोगी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने नेता को यात्रा में शामिल होने के लिए भेजा। ध्यान रहे भारत जोड़ो यात्रा झारखंड नहीं जा रही है। इसलिए झारखंड कांग्रेस के नेता यात्रा में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश पहुंचे थे। उसी समय कांग्रेस की सहयोगी जेएमएम ने अपने वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को यात्रा में शामिल होने के लिए भेजा। यात्रा से अलग राहुल गांधी ने झारखंड कांग्रेस और जेएमएम के नेताओं के साथ तस्वीर खिंचवाई और उसे सोशल मीडिया में जारी किया गया। गौरतलब है कि झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से जेएमएम की सरकार है और हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री हैं। इसी तरह कांग्रेस की यात्रा गोवा भी नहीं जा रही है लेकिन गोवा में कांग्रेस की सहयोगी गोवा फॉरवर्ड पार्टी के प्रमुख विजय सरदेसाई ने मध्य प्रदेश में यात्रा ज्वाइन की। उनके साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए और उन्होंने राहुल की यात्रा की जम कर तारीफ की। ध्यान रहे गोवा फॉरवर्ड पार्टी पहले भाजपा की सहयोगी थी। लेकिन पिछले चुनाव से पहले भाजपा द्वारा पार्टी तोड़े जाने से नाराज सरदेसाई ने कांग्रेस के साथ तालमेल कर लिया था। बहरहाल, जिन राज्यों से कांग्रेस की यात्रा गुजरी वहां की सहयोगी पार्टियों के नेता यात्रा में शामिल हुए और राहुल के साथ पैदल चले। तमिलनाडु के कन्याकुमार से यात्रा शुरू हुई थी तो राज्य में सत्तारूढ़ डीएमके के नेता और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उसके बाद केरल में भी कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों के नेता यात्रा में शामिल हुए। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस के पास कोई सहयोगी नहीं है। लेकिन यात्रा जब महाराष्ट्र पहुंची तो शुरुआती अगर मगर के बाद दोनों सहयोगी पार्टियों के नेता यात्रा में शामिल हुए। एनसीपी की ओर से पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले सहित कई बड़े नेता शामिल हुए। शिव सेना की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे और राज्य सरकार के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने यात्रा में हिस्सा लिया। सुप्रिया सुले तो महाराष्ट्र में हुई कांग्रेस की रैली में भी शामिल हुईं।



# बेवजह का भाषा विवाद

केंद्र सरकार ने कहीं भी हिंदी ना थोपने का आश्वासन दिया है। लेकिन उससे तमिलनाडु में भावनाएं अगर शांत नहीं हुई हैं, तो इस समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत है। ये खबर समाचार एजेंसी एएफपी ने दी है और अगर यह सच है, तो इसे गहरी चिंता का कारण माना जाना चाहिए। क्या सचमुच तमिलनाडु में हिंदी थोपे जाने की धारणा इस हद तक गहरा गई है कि लोग आत्मदाह करने लगे हैं? खबर यह है कि एक बुजुर्ग ने हिंदी भाषा के विरोध में आत्मदाह कर लिया। उनका कहना था कि केंद्र सरकार पूरे देश में हिंदी को थोपना चाहती है, जबकि यह भाषा सिर्फ उत्तर भारत में बोली जाती है। पुलिस के मुताबिक 85 साल के एमवी थांगवेल किसान थे। बीते शनिवार को उन्होंने अपने ऊपर पेट्रोल और केरोसिन छिड़क कर आग लगा ली। थांगवेल ने एक तख्ती अपने हाथ में ले रखी थी जिस पर लिखा था– मोदी सरकार हिंदी थोपना बंद करो। हम तमिल के ऊपर हिंदी को क्यों चुनें? खबरों के मुताबिक तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपील की है कि इस मुद्दे पर कोई और अपनी जान ना दे। साथ ही केंद्र के हिंदी थोपने वाले कथित रुख की उन्होंने आलोचना की और कहा कि संकीर्ण मानसिकता से विविधता वाले खूबसूरत देश को ना बिगाडिघ्ए। बताया जाता है कि तमिलनाडु में माहौल पिछले महीने आई इस खबर के बाद गरमाया है कि गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व वाली एक संसदीय समिति ने हिंदी को राष्ट्रीय स्तर पर आधिकारिक भाषा बनाने की मांग की है। इसमें मेडिसिन और इंजीनियरिंग जैसी तकनीकी शिक्षा के लिए भी हिंदी को मुख्य माध्यम बनाने की बात कही गई थी। खबरों के मुताबिक थांगवेल तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके पार्टी के सदस्य थे। आशंका यह है कि उनके आत्मदाह की घटना से राज्य में भावनात्मक माहौल और भी ज्यादा सघन हो सकता है। जिस समय देश कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है, किसी राज्य में वैसा माहौल बने– यह कतई उचित नहीं है। केंद्र ने कहीं भी हिंदी ना थोपने का आश्वासन दिया है। लेकिन उससे तमिलनाडु में भावनाएं अगर शांत नहीं हुई हैं, तो इस समस्या को गंभीरता से लेने की जरूरत है।

# कैसे बनें भारत महान ?

**यह देखिए कि आपने पूरी कोशिश की कि नहीं, जरूरत होने पर मार्गदर्शन लिया कि नहीं, जहां सहायता चाहिए थी वहां सहायता मांगी या नहीं। आज हम इक्कीसवीं सदी में हैं और ये बातें कर रहे हैं कि हमारा देश अपना पुराना गौरव हासिल करेगा, भारत महान है, भारत विश्वगुरू है। भारत महान बने इससे बढ़कर हमारे लिए और क्या खुशी हो सकती है ? समझने की बात ये है कि हम सब खुद महान होंगे तो ही भारत ...**

अजय दीक्षित

आज एक सवाल पूछिए खुद अपने आपसे । कभी मानिए अलादीन का चिराग मिल जाये आपको, और सिर्फ एक ही वरदान मांगने की छूट हो तो क्या मांगेंगे आप उससे ? जीवन की सबसे बड़ी अभिलाषा क्या है आपकी? वो अभिलाषा क्या है जो आपको दिन रात याद आती है, जिसने आपकी नींद चुरा ली है ? अगला सवाल यह है कि जो आप चाहते हैं कि हो जाए, वो ही क्यों चाहते हैं आप? आपकी जो इच्छा है क्यों है वही इच्छा, उसके पीछे का कारण क्या है? क्योंकि अगर ये स्पष्ट हो कि हम जो चाहते हैं, वही क्यों चाहते हैं, तो काम को अंजाम तक पहुंचाने का रास्ता निकल ही आता है तो समझना ये है कि आपके लिए कामयाबी का मतलब क्या है? क्या बदल जाएगा जब आप कामयाब हो जाएंगे? इन सवालों का सही–सही उत्तर दीजिए, खुद को जवाब दीजिए ताकि आपकी सफलता की राह आसान हो जाए। ये सवाल ऐसे हैं जो आपको, आप से मिलाएंगे। क्या आप महत्वाकांक्षी हैं, और सफल हैं पर सफल होने के बावजूद वहां नहीं हैं जहां आप होना चाहते हैं? क्या आप पूर्णतया अनुशासित हैं? जवाब देने से पहले अनुशासन का मतलब भी समझ लीजिए। मान लीजिए कि मुझे कहा जाए कि मैंने पैदल चलते हुए एक नदी पार करनी है जिसका पुल एक किलोमीटर लंबा है। पुल के बीचोंबीच छोटे–छोटे पत्थरों का एक ढेर है, वहां से एक पत्थर उठाना है, नदी में फेंकना है और फिर आगे बढ़ जाना है, और ऐसा सात दिन तक लगातार करना है। अब मैं हर रोज पुल पैदल पार करते हुए बीच में पत्थरों के ढेर के पास रुक कर एक पत्थर उठाउंगा और उसे नदी में फेंक कर पुल की बाकी दूरी पार कर लूंगा। मैं एक साथ सात पत्थर नहीं उठाउंगा, हर रोज एक–एक पत्थर ही फेंकूंगा और अगर किसी दिन गलती से पत्थर फेंकना भूल गया तो वापिस आउंगा, पत्थर फेंकूंगा और तब समझंगा कि मेरा काम पूरा हुआ, ये नहीं सोचूंगा कि अगले दिन दो बार पत्थर फेंक लूंगा। ये समझना जरूरी है कि इस तरह के अनुशासन के बिना बड़ी सफलता हासिल नहीं हो सकती। अब यह सोचिए कि आप आज कहां हैं, सफलता के किस मुकाम पर हैं। अगर वहां से आगे बढना है और अपनी मंजिल तक पहुंचना है तो सोच बदलनी होगी। इसके लिए आपको विश्लेषण करना होगा कि आपकी असफलता का कारण क्या है? इसे आपसे बेहतर कोई और नहीं जानता। इसलिए आप खुद ही विश्लेषण कीजिए और देखिए कि कौन से ऐसे कारण हैं जो आपको आगे बढने से रोक रहे हैं। क्या आपको टालमटोल की आदत है या आप कई सारे काम एक साथ करना चाहते हैं, यानी फोकस नहीं है। क्या आपके पास पूरा ज्ञान नहीं है या उस काम के लिए आवश्यक हुनर नहीं है? क्या आप सिर्फ सोचते ही रह जाते हैं। और काम शुरू ही नहीं होता? क्या आपको नशे की लत है, क्या आप सोशल मीडिया पर या गप्पों में समय बिता देते हैं, क्या आप कुछ अनचाहे वीडियो देखते रहते हैं या ऐसे किसी साथी के साथ समय बर्बाद करते हैं? अगर आपको खुद में न कोई कमी नजर आती है तो आपने अपने गलत स्वभाव को य बदलने के लिए अब तक क्या किया है? यह भी सोचिए कि क इस दौरान आपने क्या सही कदम उठाए? कौन सी गलतियां कीं? क्या करना चाहिए था जो आपने नहीं किया? अगर आप सफल नहीं हैं इसके कारण आपको कितनी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं, कितना दुख होता है? जो कुछ भी गलतियां हुई क्या आप उन्हें ठीक कर पाए? यदि हां तो कैसे, यदि नहीं तो क्यों? आपका कौन सा फैसला गलत था? क्या नुकसान हुआ गलत फैसले से ? क्या सीखा है आपने उस गलती से क्या कर सकते हैं आप वैसी गलती दोबारा न करने के लिए? आपके गलत फैसले के कारण सफलता असफलता में बदल गई तो क्या महसूस हुआ? आपकी असफलता ने आपको कैसा नुकसान पहुंचाया? ऐसे कौन से कारण हैं जो आपकी सफलता में अड़चन बन रहे हैं? आपकी वर्तमान समस्याएं कितनी पुरानी हैं और आपके अंदाजे के मुताबिक अभी और कितने समय तक ये समस्याएं बनी रहेंगी ? इन समस्याओं को दूर करने के लिए आपको आज ही क्या करने की जरूरत है ? समझ लीजिए कि डर तो लगेगा ही लगेगा हर नई स्थिति में, डर को ही जोश बना लीजिए। सवाल ये भी है कि क्या आप अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए काम कर रहे हैं या किसी खतरे से बचने के लिए काम कर रहे हैं? उदाहरण के लिए अगर आप जॉब में हैं तो क्या आप प्रोमोशन पाने के लिए काम करते हैं या नौकरी बचाए रखने के लिए काम करते हैं? अब सोचिए कि अगर आपके रास्ते से सारी कठिनाइयां हट जाएं तो आपका जीवन कितना बदल जायेगा ? क्या कुछ नयापन होगा उसमें ? समस्या ये है कि लोग दूसरों से तो झूठ बोलते ही हैं पर वो अपने आपसे ही झूठ बोलते रहते हैं । खुद को सच दिखाइये। हैल्थ एंड हैपीनेस गुरू के रूप में मैंने ये महसूस किया है कि डिप्रेशन होता नहीं है । हम शिकायती स्वभाव वाले बन जाते हैं तो धीरे–धीरे सफलता कम होती चलती है और डिप्रेशन की तरफ बढ़ते चले जाते हैं । दरअसल सफल लोग भी कई बार असफल होते हैं, पर वे काम से पीछे नहीं हटते । यह देखिए कि आपने पूरी कोशिश की कि नहीं, जरूरत होने पर मार्गदर्शन लिया कि नहीं, जहां सहायता चाहिए थी वहां सहायता मांगी या नहीं। आज हम इक्कीसवीं सदी में हैं और ये बातें कर रहे हैं कि हमारा देश अपना पुराना गौरव हासिल करेगा, भारत महान है, भारत विश्वगुरू है। भारत महान बने इससे बढ़कर हमारे लिए और क्या खुशी हो सकती है? समझने की बात ये है कि हम सब खुद महान होंगे तो ही भारत महान होगा । 99 प्रतिशत बेईमान, फिर भी मेरा भारत महानश व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है । सबको ईमानदार होना पड़ेगा, सबको महान होना पड़ेगा। हम सिर्फ स्वतंत्रता दिवस पर अपने मुंह पर तिरंगा पोत लें और बाकी 364 दिन बेईमान बने रहें तो भारत कभी महान नहीं बनेगा ।

# कितना फायदेमंद : मुक्त व्यापार समझौता

**लाखों की संख्या में प्रवासी भारतीय इन देशों में काम करते हैं। हाल के वर्षों में इन देशों से रेमिटेंस में कमी आई है। 2016–17 में जहां 50 फीसद से अधिक रेमिटेंस इन देशों से आता था अब 30 फीसद के लगभग है। कोविड के कारण बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय स्वदेश वापस आ गए थे जो इसका प्रमुख कारण रहा है। द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों का दायरा बढ़ाना चाहिए और ज्यादा देशों के साथ ...**

प्रो. लल्लन प्रसाद

दो देशों के बीच में व्यापार, सेवाओं और निवेश के सरलीकरण, आयात और निर्यात पर टैरिफ शून्य या कम करने, कोटा, सब्सिडी, बौद्धिक संपदा, सरकारी खरीद, प्रतिस्पर्धा आदि को दोनों देशों के हितों के अनुसार नियमित करने, व्यापार में तकनीकी बाधाएं दूर करने, निवेशकों को संरक्षण देने, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सहयोग और व्यापार संबंधी अन्य प्रतिबंधों को हटाने के लिए किए जाने वाले समझौते को मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) की संज्ञा दी जाती है। यह समझौता दो देशों में उत्पादन लागत कम करने, व्यापार और रोजगार बढ़ाने और बाहरी स्पर्धा से बचने में सहायक होता है। विश्व का लगभग 15–17 फीसद, भारत का 18–19 फीसद, यूरोपियन यूनियन का 13 फीसद , चीन का 27 फीसद और जापान का 22 फीसद व्यापार मुक्त व्यापार समझौते से होता है। भारत ने अब तक लगभग 50 से अधिक देशों से व्यापार समझौते किए हैं, जिनमें 13 समझौते मुक्त व्यापार के हैं, शेष सीमित या व्यापक जो पारस्परिक व्यापारिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए किए गए हैं। श्रीलंका, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, जापान, मलयेशिया, चिली, मॉरीशस, यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते हुए हैं। इंग्लैंड के साथ वार्ता चल रही है और इस वर्ष होली तक इस पर समझौते की आशा है। कनाडा और श्गल्फ कोऑपरेशन काउंसिलय से भी मुक्त व्यापार पर वार्ता हो रही है, जिसमें अच्छी प्रगति है। 27 देशों के यूरोपियन यूनियन के साथ भी मुक्त व्यापार पर चर्चा हो रही है जिसमें कुछ प्रगति हुई है, किंतु बाधाएं बहुत हैं। भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार संयुक्त राज्य अमेरिका है, 2021–22 में दोनों देशों के बीच 157 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ जो भारत के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 11रू30 प्रतिशत है। चीन दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसके साथ 2021–22 में 72.9 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ। 10 बड़े व्यापारिक साझेदार देशों में अमेरिका और चीन के बाद 2021–22 कारोबार–यूएई 73 बिलियन डॉलर, सऊदी अरब 42.8 बिलियन डॉलर, इराक 34.3 बिलियन डॉलर, सिंगापुर 30.1 बिलियन डॉलर, हांगकांग 30 बिलियन डॉलर, इंडोनेशिया 26.1 बिलियन डॉलर, साउथ कोरिया 25.5 बिलियन डॉलर, ऑस्ट्रेलिया 25 बिलियन डॉलर के हुए। इन देशों में मुक्त व्यापार समझौते अभी 4 देशों के साथ ही हुए हैं रू सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, यूएई, एवं ऑस्ट्रेलिया। मुक्त व्यापार समझौता यूएई एवं ऑस्ट्रेलिया के साथ इसी वर्ष हुआ। यूनाइटेड किंगडम, जिसके साथ शीघ्र ही मुक्त व्यापार समझौते की आशा है भारत का 12वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2021–22 में दोनों देशों के बीच 29.6 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 8 बिलियन डॉलर अधिक था। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित समझौते में टैरिफ, कोटा, सब्सिडी और अन्य प्रतिबंधों को कम करने, सामान, सेवाएं, निवेश, बौद्धिक संपदा, शैक्षणिक योग्यताओं को संयुक्त रूप से मान्यता देने आदि से संबंधित विषयों पर प्रावधान होंगे जो दोनों देशों के हित में होंगे। द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों के अतिरिक्त क्षेत्रीय व्यापक व्यापार सहयोग के समझौते बहुत सारे देशों के साथ हुए हैं, जिनमें मुक्त व्यापार समझौते वाले देश भी शामिल रहे हैं–1) आसियान व्यापक आर्थिक सहयोग संधिय पूर्व एशिया के देश– ब्रुनेई, म्यांमार, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, और वियतनाम, 2) दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि–नेपाल, भूटान, बांग्लादेश ,पाकिस्तान, मालदीव, अफगानिस्तान, 3) एशिया प्रशांत व्यापार संधि– चीन, लाओस, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश और श्रीलंका एवं व्यापार में प्राथमिकता की व्यवस्था संबंधित समझौते–जिनमें अफ्रीकी, दक्षिण अमेरिकी, और मद्धेशिया के 42 देश–अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, चिली, क्यूबा, घाना, नाइजीरिया, इरान, इराक, लीबिया आदि शामिल हैं, जिनका उद्देश्य भी आपस में व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना, व्यापार और निवेश बढ़ाना एवं बाधाओं को कम करना होता है। दक्षिण एशिया के देशों के साथ भारत का व्यापार क्षमता से बहुत कम है, उसके विश्व व्यापार का मात्र लगभग 4 फीसद। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार इस क्षेत्र में जहां 62 बिलियन डॉलर व्यापार की संभावना है वहां यह मात्र 19 बिलियन डॉलर के आसपास है। इन देशों से व्यापार बढ़ाने के लिए 1994 में सार्क प्रेफरेंशियल अरेंजमेंट एवं 2004 में दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र पर भी हस्ताक्षर किए गए। संरक्षण नीति, इच्छाशक्ति एवं आपसी विश्वास में कमी इस क्षेत्र में व्यापार वृद्धि में बाधक हैं। लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भारत का व्यापार उसके विश्व व्यापार का लगभग 6 फीसद है। ब्राजील इस क्षेत्र का भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2020–21 में भारत ने ब्राजील को 6.4 बिलियन डॉलर का निर्यात किया। मेक्सिको, अर्जेंटीना, कोलंबिया, चिली और पेरू के साथ भी व्यापार में अच्छी वृद्धि हुई है। भारत में निर्मित कारों और मोटरसाइकिलों का एक तिहाई निर्यात इन देशों को होता है। अफ्रीकी देशों के साथ भी भारत का व्यापार हाल के वर्षो में बढा है। 2021–22 में यह 95 बिलियन डॉलर पर पहुंचा जो पिछले वर्ष 56 बिलियन डॉलर ही था। अफ्रीका के साथ व्यापार और निवेश में भारत विश्व में पांचवें स्थान पर है। 1996 से 2021 के बीच भारत ने अफ्रीकी देशों में . 73.9 बिलियन का निवेश किया। खाड़ी देशों के साथ भारत के गहरे व्यापारिक संबंध है। एक ब्लॉक के रूप में ये देश भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं, इनके साथ मुक्त व्यापार संधि पर वार्ता भी चल रही है। 2021–22 में भारत ने इन देशों से 154 बिलियन डॉलर का आयात किया, 44 बिलियन डॉलर मात्र का निर्यात किया। यह देश भारत के कच्चे तेल की एक तिहाई एवं गैस की 70 फीसद आवश्यकता पूरी करते हैं। लाखों की संख्या में प्रवासी भारतीय इन देशों में काम करते हैं। हाल के वर्षो में इन देशों से रेमिटेंस में कमी आई है। 2016–17 में जहां 50 फीसद से अधिक रेमिटेंस इन देशों से आता था अब 30 फीसद के लगभग है। कोविड के कारण बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय स्वदेश वापस आ गए थे जो इसका प्रमुख कारण रहा है। द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों का दायरा बढ़ाना चाहिए और ज्यादा देशों के साथ संधि करनी चाहिए।



# राज्यसभा सांसद डॉ अशोक बाजपेई ने खेलकूद प्रतियोगिताओं का किया शुभारंभ

हरदोई । सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ राज सभा सांसद डॉ अशोक बाजपेई ने फीता काटकर किया।श्री बाजपेई का ब्लाक प्रमुख कुशी वाजपेई,खंड शिक्षा अधिकारी उदयपुर, प्रधान संजर, प्रधान संघ अध्यक्ष मेवाराम,अध्यापिका विजया अवस्थी,दिलीप मिश्रा,अभिषेक वैश्य ,फुरकान अहमद फारुकी समेत कई प्रधानों ने बुके देकर सम्मानित किया।इसके साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताओं में लंबी कूद,दौड़,खोखो,कबड्डी,चक्का फेंक, गोला फेक, समेत कई खेलकूद प्रतियोगिताओं में सैकड़ों बच्चों ने हिस्सा लियाकार्यक्रम का संचालन नवनीत बाजपेई ने किया।

पिहानी विकासखंड के करीमनगर ग्राम पंचायत के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद मिनी स्टेडियम में दो दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ राज्यसभा सांसद डॉ अशोक बाजपेई व ब्लाक प्रमुख कुशी वाजपेई ने दीप प्रज्वलित कर किया।खेल महोत्सव का आयोजन ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई ने किया है।शुभारंभ मौके पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ अशोक बाजपेई ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा के अनुरूप खेलों को प्रोत्साहित करना और बच्चों को अवसर देना, सांसद खेल महोत्सव का मकसद है।सांसद खेल महोत्सव को लेकर खिलाड़ियों के साथ–साथ जनता में उत्साह है।अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पहले यह देखा जाता था कि भारत नीचे से किस स्थान पर है, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारे खिलाड़ियों को खेल सुविधाएँ और प्रोत्साहन मिलने पर खेल के क्षेत्र में भी भारत विश्व पटल पर विशेष पहचान बना रहा है।ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई ने कहा, सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से यह प्रयास है कि खेलों के प्रति लोगों में जागरूकता आए व हमारे खिलाड़ियों को अवसर मिले, ताकि वे अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र व अपने जिले का नाम विश्व पटल पर रोशन कर सकें। मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि पिहानी विकासखंड के खिलाड़ियों को खेल सुविधाएँ सुलभ हों। मंसूर नगर स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

# पतंजलि की योगा क्लास के 15 वर्ष पूरे होने पर मनाया गया वार्षिकोत्सव

हरदोई ।पतंजलि योग समिति हरदोई के जिला प्रभारी हरिबंश सिंह द्वारा शहीद उद्यान हरदोई में संचालित योग कक्षा को 15 वर्ष पूर्ण होने पर बार्षिकोत्सव खूब धूम धाम से मनाया गया। सबसे पहले साधकगण को योगाभ्यास कराया गया और योग करने से जिन भाई बहनों को लाभ मिला। उन्होंने सभी को बताया। प्रतिभा गुप्ता ने बताया कि हमे डायबिटीज थी किन्तु हरिबंश गुरू जी के सानिध्य योग कर पूरा लिया,अब मुझे डायबिटीज की कोई शिकायत नहीं है और महीने चेक करवा लेती है और गुरू जी के साथ नियमित योग करती हूँऔर कक्षा के संचालन में बराबर सहयोग करती हूँ। शशी मौर्या ने कहा कि मैं अपना इलाज मेडिकल कॉलेज, और पी जी आई लखनऊ मे बहुत कराया चलना मुश्किल था। खूब गरम गरम मोम घुटनो पर टपकाया जाता था और सांस लेने भी तकलीफ होती थी मुझसे कहा कि अब अपने घुटने बदलाइये और सिलेंडर साथ लेकर चलिए। उसी बीच मेरी हरिबंश गुरू जी भेंट हो गई।उन्होंने हमे योग करने के लिए प्रेरित किया और उनके सानिध्य में योग करने लगी। आज मेरा 25 कलो बजन कम हुआ और 6 किलो मीटर पैदल बगैर तकलीफ के चल लेती हूॅ। इसी तरह रत्ना मिश्रा, प्रभा सिंह ,रिन्की गुप्ता, शशिकला सिंह , शिमला सिंह, सीमा मिश्रा, नीता श्रीवास्तव, पूनम खन्ना, रजनी सिंह, महा सिंह, रामनरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, तोताराम गुप्त,रामकिशोर पाल,रामशरण पाल,सूर्यपाल सिंह, ललित कुमार गुप्त ने अपने लाभ बताते हुए विचार रखे। और फिर यज्ञ कर ईश्वर से सभी के स्वस्थ और निरोग होकर पुरूषार्थ के साथ समृद्धशाली होने कामना की गई। उक्त अवसर पर पतंजलि योग समिति की जिला महिला प्रभारी विनीता पाण्डेय जी ने कहा कि गुरू जी के योग सीखकर स्वयं लाभ लिया और आज उन्ही के आशीर्वाद से पूरे जनपद में योग की विधा फैलाने लगी हुई हूॅ। युबा भारत के जिला प्रभारी सोनू गुप्ता ने भी गुरू जी योग सीखकर कार्य मे लगा हूॅ। जिससे आज पूरा जनपद योगमय हो रहा है तथा जिला कार्यालय प्रभारी राजेश कुमार सिंह, अनूप तिवारी,उमाकांत मिश्रा,सतेन्द्र सिंह, मिथलेश दुवेदी, सन्जू श्रीवास्तव, विजय लक्ष्मी पाण्डेय, अनीता मिश्रा,वीना त्रिपाठी, कविता वर्मा,ईश्वर चन्द्र मिश्रा,ज्योति मिश्रा, रेखा सिंह आदि मौजूद रहे।

# निकाय चुनाव को लेकर भाजपा कोर कमेटी की बैठक संपन्न, रणनीति पर हुई चर्चा

हरदोई । जिले में निकायों और नगर पंचायतों में होने जा रहे चुनाव की रणनीति तय करने के लिए भाजपा की कोर कमेटी की जिला कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह के साथ जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र और सभी जनप्रतिनिधि एवं जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की डबल इंजन सरकार द्वारा किए जा रहे अभूतपूर्व विकास से आज उत्तर प्रदेश का एक भी जिला अछूता नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास की वो लकीर खींच दी है जिससे विपक्ष बौखला गया है, और जनता इस चीज को धरातल पर महसूस कर रही है। आम जनमानस के दिल में मोदी योगी बसे हुए हैं। भाजपा की स्पष्ट नीति रही है सबका साथ सबका विकास की और इस नारे को ध्येय बनाकर भाजपा का एक एक कार्यकर्ता जनता के हित के लिए लगा हुआ है। एक समय था जब नगर निगम और नगर पालिकाओं को नरक पालिका कहा जाता था, जिसके पीछे सबसे बड़ी जड़ गंदगी और कूड़ा थी। भाजपा सरकार ने जनता की इस समस्या को एक संकल्प के रूप में लिया और जनसहयोग लेकर आज इस समस्या को लगभग खत्म करने के कगार पर है।

इसकी एक सकारात्मक पहल यह है कि जिले भर में जल्द कूड़े से खाद निर्माण की इकाइयां स्थापित होने जा रही है, जो कूड़े का प्रबंधन तो करेगी साथ ही इससे खाद भी बनेगी जो हमारे किसानों की धरा को उपजाऊ बनाएगी। आने वाले निकाय चुनाव में भाजपा पूर्ण रूप से सभी जगह बड़े अंतर से जीत दर्ज करेगी।वही जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने बैठक में कहा कि जनता ने अपना विश्वास भाजपा पर इसलिए बनाया हुआ है कि वह बिना किसी पक्षपात के काम कर रही है। आम जनमानस पूर्व की सरकारों द्वारा दिए वंशवाद और भ्रष्टाचार के जख्मों को भूली नहीं है। जब जब जनता ने इन लोगों को शासन करने गद्दी पर बिठाया, तब तब सिर्फ परिवार का ही विकास हुआ और जनता अनाथ छोड़ दी गई। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में जनता के विश्वास का आधार बन गए है, जो चौबीस घंटे सिर्फ देश और उसकी जनता के सम्मान के लिए जीते है। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, विधायक रामपाल वर्मा आशीष सिंह आशु, विधायक अलका अर्कवंशी, एमएलसी अशोक अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, संदीप सिंह, संजय सिंह ,जिला महामंत्री ओम वर्मा, अनुराग मिश्र जिला मंत्री, अजय शुक्ला ,निकाय चुनाव जिला संयोजक अजीत सिंह बब्बन एवं सह संयोजक राजेश अग्निहोत्री,मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक ,आईटी जिला संयोजक सौरभ सिंह गौर, सोशल मीडिया प्रमुख प्रद्युम्न मिश्रा सहित सभी निकायों के प्रभारी संयोजक तथा मंडल अध्यक्ष गण मौजूद रहे।

## मतांतरण का मामला: पादरी की पत्नी समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कानपुर । कानपुर के घाटमपुर में बजरंग दल के जिला संयोजक को रास्ते में कुछ लोगों ने रोककर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही मुकदमा वापस लेने को कहा। जिला संयोजक ने पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस ने पादरी की पत्नी समेत चार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। घाटमपुर में बजरंग दल के जिला संयोजक शुभम शौर्य अग्निहोत्री ने बुधवार को घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह नगर स्थित गांधी विद्या पीठ स्कूल के पास बाइक से जा रहे थे। तभी रास्ते में उन्हें चार लोगों ने रोक लिया। इसमें एक महिला भी शामिल थी। आरोपियों ने धमकाते हुए ईसाई मिशनरियों पर मुकदमा वापस लेने को कहा बोले मुकदमा वापस नहीं लिया तो अंजाम बुरा होगा। साथ ही उन्होंने एससी–एसटी एक्ट और दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। बोले जल्द मुकदमा वापस नहीं लिया तो जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी भाग निकले। शुभम अग्निहोत्री ने बताया कि उन्होंने ईसाई मिशनरी के पादरियों पर लालच देकर मतांतरण कराने के मामले में बीते दिनों मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में घाटमपुर पुलिस ने पादरी की पत्नी समेत चार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। थाना प्रभारी रामबाबू ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सीएमओ ने काम में सुधार लाने का दिया निर्देश

जौनपुर। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने एसीएमओ डॉ0 प्रभात कुमार के साथ करंजाकला ब्लाक में मेडिकल कालेज के पास निर्माणाधीन आधुनिक पोस्ट मार्टम हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद जूनियर इंजीनियर जिया लाल सोनकर से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा ठेकेदार को काम में सुधार लाने का निर्देश दिया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर निर्माणाधीन कक्षों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आधुनिक चीरघर में आपरेशन थियेटर की ही तरह टेबल रहेगा और प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। एक शव संग्रह कक्ष बनेगा जिससे ज्यादा शवों को सुरक्षित रखने में सहूलियत मिलेगी। वहां पर एक्स–रे रूम भी प्रस्तावित है। पोस्टमार्टम के रिकार्ड के लिए भी दफ्तर रहेगा। पुलिसकर्मियों के लिए भी वेटिंग रूम की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही शवों के साथ आने वाले परिजनों के लिए रैन बसेरा का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सीएमओ दूसरी मंजिल पर भी गईं। इस दौरान उन्हें सीढ़ियां खड़ी महसूस होने पर उन्होंने मरीजों और तीमारदारों को होने वाली दिक्कत को देखते हुए ठेकेदार को सही करने का निर्देश दिया।

## दो फीडर की बिजली आपूर्ति चार दिन से बाधित

जौनपुर। विद्युत विभाग का निजीकरण के विरोध को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल का दंश सीधी सादी जनता को भुगतना पड़ रहा है इसके चलते खेतासराय के दर्जनों गांव चार दिन से अंधेरे में हैं।विभागीय अधिकारियों की मानें तो जहां बिजली सुचारू से मिल रही है वहां मिलेगी लेकिन जहां खराब है वहां खराब रहेगी । विद्युत उप केन्द्र सबरहद व सोंगर जाने वाली तैतिस हजार की लाइन मंगलवार को कहीं फाल्ट में चली गई जो अब तक ठीक नहीं हो सकी।ऐसा निजीकरण के विरोध में हड़ताल पर चल रहे विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा मरम्मत न होने से हुआ जिसका परिणाम हुआ कि दर्जनों गांव चार दिन से अंधेरे में है।शाहगंज से तैतीस हजार बोल्ट की आपूर्ति विद्युत उपकेंद्र सोंगर व सबरहद फीडर पर आने वाली मंगलवार की सुबह लगभग ग्यारह बजे से ब्रेकडाउन में चली गई। इस दौरान विद्युत उपकेंद्र सोंगर व सबरहद फीडर पर आने वाली आपूर्ति बंद हो गई परिणामस्वरूप इस उपकेंद्र से जुड़ने वाले अरंद,पाराकमाल उसरहटा,रफीपुर,भरौली,सोंगर, मवई, बरंगी, लखमापुर, गुरदौली, मुस्तफाबाद, जैगहा, सीधा, फरीदपुर, भदैला समेत दर्जनों गांवों की आपूर्ति ठप चल रही है।विद्युत आपूर्ति बंद रहने से ग्रामीण जहां चार दिन से अंधेरे में हैं वहीं किसानों का कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। एक विद्युत कर्मचारी ने बताया कि शट डाउन न मिल पाने से कर्मचारी मरम्मत कर पाने में असमर्थ हैं। जेई के अलावा लाइन मैन को तैतीस हजार का शट डाउन लेने का अधिकार नहीं है।

## द विन्सी एक्स सर्जिकल रोबोट लॉन्च

सहारनपुर । रोबोट असिस्टेड सर्जरी न्यूनतम इनवेसिव हैं, इसलिए मरीज पारंपरिक सर्जरी की तुलना में तेजी से ठीक हो जाते हैं और अस्पताल में ठहरने की अवधि कम हो जाती है। उक्त जानकारी आज डॉ दीपक गर्ग ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि नवीनतम तकनीक, दा विंची एक्स रोबोट से लैस, हमारे सर्जन अब कंप्यूटर–निर्देशित, आवर्धित, 3–डी विजुअलाइजेशन का उपयोग करके जटिल सर्जरी करेंगे और परिणाम प्रभावशाली होंगे। पारंपरिक सर्जरी की तुलना में रोबोटिक सर्जरी के लाभों के बारे में विस्तार से बताते हुए, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, देहरादून में जनरल सर्जरी और मिनिमल एक्सेस सर्जरी के निदेशक, डॉ गुरुप्रसाद पैन्यूली ने कहा "रोबोटिक सर्जरी सर्जनों को शरीर के कठिन क्षेत्रों तक पहुंचने में मदद करता है। रोबोटिक सर्जरी में, बड़े चीरे के स्थान पर छोटे चीरे लगाए जाते हैं, इसलिए पारंपरिक सर्जरी की तुलना में मरीजों के लिए कम घातक होते है। आज, रोबोटिक सर्जरी को न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी में गोल्ड स्टैण्डर्ड मिला है।

## अंडर–16 क्रिकेट टीम में विशु का हुआ चयन, जताया हर्ष

सहारनपुर । जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। नकुड कस्बे में चाय की दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति के पुत्र विशु कश्यप का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर 16 क्रिकेट टीम में हुआ है। विशु की इस उपलब्धि पर एसडीसीए के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। एसडीसीए के अध्यक्ष अमर गुप्ता ने बताया कि सहारनपुर के क्रिकेट खिलाड़ी उच्च स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर निरंतर सफलता हासिल कर रहे हैं। इसी क्रम में बीसीसीआई द्वारा आयोजित होने वाली अंडर–16 अंतरराज्यीय विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में सहारनपुर के विशु कश्यप का चयन होना बहुत खुशी की बात है। विशु पिछले वर्ष भी यू पी अंडर 14 टीम का हिस्सा रह चुके है।अमर गुप्ता ने बताया कि सहारनपुर के नकुड कस्बे में रहने वाले सुशील कश्यप व सुशीला देवी के पुत्र है विशु कश्यप। विशु के पिता चाय और समोसे की दुकान चलाते है।ग्रामीण क्षेत्र में होने और ज्यादा संसाधन न होने की बावजूद क्रिकेट की प्रति जुनून ने आज विशु को यूपी की टीम तक पहुंचाया। यह सहारनपुर के लिए गर्व का विषय है।सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष साजिद उमर ने बताया कि एसडीसीए के चौयरमेन अकरम सैफी के दिशा निर्देशन में जनपद का क्रिकेट और खिलाडी लगातार नए आयाम छू रहे है।इस कामयाबी पर एसडीसीए के पदाधिकारियों अमर गुप्ता , राजकुमार राजू , साजिद उमर , पुण्य गर्ग ,सत्यम शर्मा , सैयद मशकूर, परविंदर सिंह , पाली कालड़ा , रवि सिंघल , योगेश गुप्ता , अमित सेठी ,राजीव गोयल (टप्पू) , आमिर कुरैशी , रणधीर कपुर , विनय कुमार , सचिन सैनी , रविश राठी, भावना तोमर,राजशेखर , सचिन गर्ग , अर्जुन सिंह , शोएब, अर्जुन चौहान , तनवीर खान ,मृदुल गर्ग, व खेल प्रेमियों ने खुशी का इजहार किया है।

## 10 वर्ष या अधिक समय पुराने आधार कार्ड होंगे अपडेट

सहारनपुर । जिलाधिकारी अखिलेश सिंह द्वारा जनपदवासियों से अपील की गयी है कि ऐसे सभी व्यक्ति जिनका आधार कार्ड बने हुये 10 वर्ष या अधिक का समय हो गया है, वो अपना आधार कार्ड प्रत्येक दशा में अपडेट अवश्य करा लें। जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति के सदस्य सचिव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अमित कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में डाकघर के 23, बेशिक शिक्षा विभाग के 19, इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक के 54, बैंकों के 47, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के 08, बी0एस0एन0एल0 के 07 तथा जनसेवा केन्द्रों के 113, कुल 271 आधार केन्द्र क्रियाशील हैं, जिनमें आधार अपडेशन एवं नये आधार जनरेशन का कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है। आधार प्रमाणीकरण या सत्यापन में किसी तरह की असुविधा को रोकने के लिये आधार कार्ड धारक, आधार में अपना नाम, पता व मोबाइल नम्बर हमेशा अपडेट रखें, यदि किसी भी व्यक्ति के आधार कार्ड बने हुये 10 वर्ष या अधिक का समय हो गया है, तो अपने पते व पहचान का प्रमाण लेकर अपने नजदीकी आधार केन्द्र पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट अवश्य करालें। मोबाइल नम्बर आधार कार्ड के साथ लिंक रहने पर नाम, पता, जन्म तिथि, लिंग आदि विवरण ऑनलाइन भी अपडेट किया जा सकता है। सिर्फ दस्तावेज अपडेट कराना है तो 25 रूपये तथा सुधार कराना है तो 50 रूपये शुल्क निर्धारित है। आधार नम्बर का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने के लिये किया जा रहा है। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिये जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जनपद में 0 से 05 वर्ष के बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिये जिला कार्यक्रमअधिकारी द्वारा चिन्हित स्थलों पर कैम्प भी आयोजित कराये जायेंगें।

# स्त्री क्लिनिक का हुआ उद्घाटन

## परिवार नियोजन की निःशुल्क सेवाओं के लिए स्त्री क्लिनिक में करें संपर्क

हरदोई ।हौसला साझेदारी के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में परिवार सेवा संस्थान के सहयोग से लखनऊ चुंगी के निकट स्त्री क्लिनिक का उद्घाटन परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुशील कुमार ने किया। इस मौके पर नोडल अधिकारी ने कहा कि स्त्री क्लिनिक पर परिवार नियोजन के अस्थायी साधन जैसे त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा, आईयूसीडी, माला–एन, साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली छाया,आकस्मिक गर्भनिरोधक गोली और कोंडोम और स्थायी साधन पुरुष और महिला नसबंदी की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही यहाँ पर सुरक्षित गर्भपात की भी सुविधा है।असुरक्षित गर्भपात के कारण अनेक महिलाओं की जान खतरे में पड़ जाती है।नोडल अधिकारी ने कहा कि लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन उपलब्ध कराने व सुरक्षित गर्भपात की सुविधा देने के साथ ही इससे संबंधी काउंसलिंग भी निशुल्क की जाएगी और उनकी शंकाओं का समाधान किया जाएगा।मेरी सभी से अपील है कि स्त्री क्लिनिक पर अधिक से अधिक लोग आयें और इसका लाभ उठायें।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि सरकार ने हौसला साझेदारी के तहत परिवार कल्याण कार्यक्रम से निजी संस्थाओं और निजी सेवा प्रदाताओं को जोड़ रखा है जहां पर निःशुल्क सेवाएं दी जा रही है। इस अवसर पर 16 महिलाओं ने नसबंदी की सेवा अपनाई हौसला साझेदारी के तहत महिला नसबंदी कराने पर महिला को 1600 रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा प्रेरक को 500 रुपये की धनराशि दी जाती है।इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत कुमार, उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई(यूपीटीएसयू) के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ, एफपीएलएमआईएस किंदरलाल और परिवार सेवा संस्थान के सदस्य उपस्थित रहे।

# लक्ष्य से अधिक 37 पुरुषों ने अपनाई पुरुष नसबंदी

## यह स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रयासों का परिणाम है: डा. राजेश कुमार तिवारी

हरदोई ।जनपद में वित्तीय वर्ष 2022–23 में शासन स्तर से 36 नसबंदी का कार्यभार निर्धारित किया गया है जबकि वित्तीय वर्ष के खत्म होने से पहले ही इस लक्ष्य से अधिक 37 पुरुषोंने नसबंदी की सेवा प्राप्त की है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश कुमार तिवारी ने दी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि लक्ष्य से अधिक हरियावाँ और सुरसा में 11–11 पुरुषों ने,जिला अस्पताल में 7 पुरुषों ने, बावन और टड़ियावाँ ब्लॉक में 2–2 पुरुषों ने नसबंदी की सेवा अपनाई है।समय से पहले लक्ष्य को प्राप्त करना स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहे प्रयासों का परिणाम है।इस कार्य में लगे सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।इसका एक कारण और भी है कि लोगों में जागरूकता भी बढ़ी है।साथ ही पुरुषों ने भी अपनी जिम्मेदारी को समझा है और वह नसबंदी की सेवा अपनाने के लिए आगे आए हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जो ब्लॉक कार्यभार को हासिल करने से पीछे रह गए हैं वह लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें।नोडल अधिकारी डा. सुशील कुमार ने बताते है।कि पुरुष नसबंदी महिला नसबंदी की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित होती है।इसमें कोई चीरा टांका नहीं लगाया जाता है।यह परिवार नियोजन का स्थायी साधन है।पुरुष नसबंदी वह सभी पुरुष करवा सकते हैं जो 60 साल से कम आयु के हैं और जिनका कम से एक साल का बच्चा हो जिनका परिवार पूरा हो गया हो पुरुष नसबंदी कराने पर पुरुष को 3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा प्रेरक को 400 रुपये की धनराशि दी जाती है।परिवार कल्याण कार्यक्रम से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर 104 पर कॉल कर ली जा सकती है।

## चिकित्सा शिविर में महिलाओं समेत सवा दो सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, दिये गये सुझाव

लालगंज प्रतापगढ़ ।क्षेत्र के संत नगर रैठे पूरे नोती मे गुरूवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिवगंगा जीव जन्तु कल्याण सेवा आश्रम के तत्वाधान में आयोजित शिविर में आंख तथा कान के परीक्षण के साथ मौसमी बुखार को लेकर शिविर मे आये मरीजों का स्वास्थ्य जांचा परखा गया। शिविर में ग्रामीणों को इस समय डेंगू रोग से बचाव के लिए चिकित्सको ने बुखार के लक्षण के महसूस होने पर फौरन नजदीकी अस्पताल में रक्त जांच के सुझाव भी दिये गये। वहीं संस्थान द्वारा सामान्य बीमारियों के परीक्षण को लेकर चिकित्सको द्वारा दिये गये परामर्श के अनुरूप दवाओं का भी वितरण किया गया। शिविर में डा. अरूण सिंह, रोहित यादव, वरूण तिवारी, सोनी, नीलम की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। संयोजक स्वामी जितेन्द्र तिवारी ने शिविर के ध्येय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वास्थ्य संवर्धन के क्षेत्र में संस्थान का योगदान मजबूती से जारी रहेगा।

# महिला व नाबालिग को नियम विरुद्ध थाने में पूछताछ की,जांच को ठंडे बस्ते में डाला गया

कानपुर। शहर के नवाबगंज पुलिस की हिरासत में महिला की मौत के मामले में सात महीने बीतने के बाद भी जांच पूरी नहीं हो सकी है। वहीं महिला की मौत के जिम्मेदार आजाद हैं। जांच न पूरी होने की वजह से उनकी जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। जिम्मेदारों को बचाने के खेल की वजह से जांच को ठंडे बस्ते में डाला गया है। नवाबगंज पुलिस ने बिना एफआईआर दर्ज किए आठ मई को उन्नाव निवासी सुदामा नाम की महिला व उनकी नाबालिग बेटी को उठाकर थाने लाई थी। देर रात तक थाने में दोनों से पूछताछ के बाद दोनों को स्वरूपनगर स्थित सखी केंद्र में दोनों को दाखिल कर दिया था। दूसरे दिन सुबह सुदामा बाथरूम में फंदे से लटकी मिली थी। मामले में मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए थे। साथ ही पुलिस भी अपने स्तर से जांच कर रही थी। घटना को सात महीने बीत गए हैं, लेकिन अब तक जांच पूरी नहीं हो सकी है। जांच की जद में तत्कालीन नवाबगंज इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी, चौकी इंचार्ज व अन्य पुलिसकर्मी थे जो उस वक्त ड्यूटी पर मौजूद थे। इन पुलिसकर्मियों को बचाने के लिए जांच को दबाया गया है। पुलिस की सबसे बड़ी गलती यही है कि बिना एफआईआर के संदिग्ध से पूछताछ की। महिला व नाबालिग को नियम विरुद्ध थाने में पूछताछ की। सूर्यास्त के बाद महिला से पूछताछ करने का नियम नहीं है, तब भी देर रात करीब दो बजे तक पूछताछ की गई थी। केस दर्ज नहीं था, तब भी सखी केंद्र में पुलिस की तरफ से दिए गए प्रार्थना पत्र में दावा किया गया था कि महिला के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। यह पत्र रात ढाई बजे दिया गया था, जबकि एफआईआर उसके एक घंटे बाद तड़के साढ़े तीन बजे दर्ज की गई थी। इन सभी बिंदुओं पर पुलिस फंस रही है।

## संपति विवाद में बड़े बेटे ने गला दबाकर मां को उतारा मौत के घाट, आरोपी की तलाश में पुलिस

देवरिया। देवरिया जिले के खुखुंदु थाना क्षेत्र के तुलसी बारा गांव में सुबह संपति विवाद में बड़े बेटे द्वारा मां का गला दबाकर मार डालने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मौके पर पहुंचे एसओ गोपाल प्रसाद राजभर ने तत्काल घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। उधर, सूचना मिलते ही एसपी संकल्प शर्मा और सीओ सलेमपुर देव आनंद भी मौके पर पहुंच कार्रवाई के लिए मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया। हालांकि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार चल रहा है। बताया जा रहा है कि तुलसी बारा गांव निवासी मृतक किशोरी देवी (80) के तीन बेटों में रमापति, राम केवल और सूरज हैं। पुलिस के मुताबिक, मृतक ने कुछ संपति (भूमि) अपने छोटे बेटे सूरज के नाम लिख दिया है। इसको लेकर सबसे बड़े बेटे से हमेशा विवाद हो रहा था। इसी बात को लेकर मां किशोरी देवी को बड़े बेटे द्वारा गला दबाकर मार डालने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि घटना के बाद आरोपी फरार चल रहा है। सूरज की बेटी वर्षा (19) से पूछताछ में उसने घटना की पुष्टि की है। उधर, घटना की जानकारी होते ही एसपी संकल्प शर्मा और सीओ सलेमपुर देव आनंद भी मौके पर पहुंच गए। एसओ ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। आरोपी की तलाश जारी है।

## 17 दिसम्बर को पेंशनर दिवस का आयोजन जिला पंचायत सभागार में

मीरजापुर. मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी ने जानकारी देते हुये बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में 17 दिसम्बर 2022 को जिला पंचायत सभागार में पूर्वान्ह 11 बजें पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया हैं। उन्होने बताया कि जिलाधिकारी जारी कार्यालध्यक्षों के लियें एक आदेश में कहा गया है कि समस्त कार्यालध्यक्ष अपने–अपने कार्यालयों से सम्बन्धित पेंशनरों की समस्याओं को त्वरित निस्तारण कराने हेतु पत्रावली लेकर स्वंय अथवा किसी वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी कार्यक्रम में उपरोक्त स्थान समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करे, ताकि मौके पर ही निस्तारण योग्य प्रत्यावेदनो को निस्तातिर किया जा सकें।

## विधुत कर्मचारियों का चौथे दिन भी हड़ताल रहा जारी

लालगंज, मीरजापुर. विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में विद्युत विभाग पावर हाउस पर आज चौथे दिन हड़ताल जारी रहा। कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर धरना प्रदर्शन एवं नारा लगाते रहे। संघ के आह्वान पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा आज चौथे दिन अपनी मांग को लेकर अड़े रहे मांगे इस प्रकार रहा। सरकार की मेमोरेंडम आप आर्टिकल में संशोधित आदेश 24ध्5 ध्2007 के आर्टिकल के अनुसार चयन प्रक्रिया लागू की जाए। मानक के अनुरूप कर्मचारियों की भर्ती एवं समय से कार्य का निस्तारण करने हेतु आवश्यक संसाधन की तत्काल व्यवस्था की जाए जिससे विद्युत आपूर्ति बनाई रखी जा सके। सभी बिजली कर्मियों को कैशलेस सुविधा प्रदान की जाए। कर्मचारियों को पूर्व की भांति 19 वर्ष सेवा में उपरांत पदोन्नत के समयबद्ध वेतनमान प्रदान की जाए। वर्ष 2000 के बाद ऊर्जा निगमों में आए समस्त कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल की जाए। तेलंगाना सरकार की तरह निविदा कर्मियों को नियमितीकरण किया जाए। इस अवसर पर विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चों का निपुण एसेसमेंट टेस्ट की परीक्षा का आयोजन सम्पन्न

मीरजापुर। मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस के मार्ग निर्देशन में जनपद के समस्त परिषदीय 1806 विद्यालयों में निपुण लक्ष्य के आंकलन हेतु कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के बच्चों का निपुण एसेसमेंट टेस्ट की परीक्षा करायी गयी, जिसमें परिषदीय विद्यालयों में नामांकित 306871 बच्चों के सापेक्ष 255286 बच्चे उपस्थित थे। ओएमआर शीट को सरल ऐप के माध्यम से अध्यापकों द्वारा स्कैन किया गया। परीक्षा को शुचितापूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु विकास खण्ड स्तर से प्रत्येक विद्यालय हेतु दूसरे विद्यालयों के अध्यापकों को पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया था। जनपद स्तर पर प्राचार्य, डायट के अनुमोदन से परीक्षा के दौरान किसी भी समस्या के समाधान हेतु कोर कमेटी का गठन किया गया था, जिसमें प्राचार्य डायट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड अधिकारी (मुख्यालय), जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), जिला समन्वयक (एमआईएस). एमआईएस इंचार्ज, दिनेश चन्द्र शुक्ल (एसआरजी) व मो. इमरान खान (एआरपी) थे। प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर जिलाधिकारी के स्तर से जनपद स्तरीय अधिकारियों व विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों को नोडल के रूप में नामित किया गया था। परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई।

## चितकला में साक्षी पाल प्रथम ,मीनाक्षी द्वितीय

जौनपुर। विकास खंड मछलीशहर की ग्राम पंचायत बामी स्थित कम्पोजिट विद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता ग्राम शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती सरोज सिंह की ओर से आयोजित कराई गई। जिसमें कक्षा 6 कक्षा 7 और कक्षा 8 के बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के अध्यापक मुन्ना शर्मा ने विद्यालय के बच्चों एवं स्टाफ को सड़क सुरक्षा के लिए शपथ दिलाई और बच्चों से सड़क यातायात नियमों का पालन करने को कहा। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 8 की साक्षी पाल, कक्षा 7 की मीनाक्षी पाल और कक्षा 8 की दिव्यांशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 7 के आयुष कुमार, कक्षा 7 की अंजलि पाल, कक्षा 6 के ओमवीर सिंह ने क्रमशः प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले करने वाले बच्चों को ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता चित्रकला, स्लोगन,क्विज तीन श्रेणियों में आयोजित की जायेगी। जिसमें प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को क्रमशः रुपए 500 ,रुपये 300 और रुपए 200 का पुरस्कार दिया जाएगा। आज की प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव सहायक अध्यापक मुन्ना शर्मा,ज्योति भूषण सिंह, सचिदानंद पाठक, प्रमोद कुमार, सतीश कुमार यादव, प्रेमलता सिंह, अमरनाथ यादव, शिवकुमार यादव शिक्षा मित्र रेनू सिंह ने सहयोग किया।

## कुलपति ने प्रोजेक्ट पाने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में .शोध परियोजना प्राप्त करने वाले शिक्षकों को कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने सम्मानित किया. कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा शोध के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों का चयन गौरव की बात है. विश्वविद्यालय के शिक्षकों के शोध परियोजनाओं से निश्चित तौर पर समाज लाभान्वित होगा। कुलपति ने इस वर्ष उत्कृष्टता केंद्र एवं शोध परियोजना पाने वाले शिक्षकों को अंगवस्त्रम एवं सम्मान पत्र देकर प्रोत्साहित किया. सम्मान पाने वाले शिक्षकों में डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ सुशील शुक्ला, डॉ गिरिधर मिश्र, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ मिथिलेश यादव, डॉ श्याम कन्हैया, डॉ दिनेश वर्मा, डॉ सुजीत कुमार, डॉ पुनीत धवन, डॉ काजल डे, डॉ मनीष प्रताप सिंह रहे। संचालन आई क्यू ए सी सेल के समन्वयक प्रो मानस पाण्डेय किया. इस अवसर पर प्रो वंदना राय, प्रो अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो देवराज सिंह , प्रा0 रजनीश भास्कर, डॉ राज कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ रसिकेश समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# ज्ञान, भक्ति व कर्मयोग का मार्ग है श्रीमद भागवत गीताः शीतल टण्डन

### गीता जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला व्यापार मण्डल द्वारा गोष्ठी का आयोजन

सहारनपुर ।उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल जनपद सहारनपुर के तत्वावधान में इस वर्ष 03 दिसम्बर को मनायी जाने वाली गीता जयंती की पूर्व संध्या पर स्थानीय रेलवे रोड पर एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने कहा कि श्रीमद भागवत गीता आज से 5159 वर्ष पूर्व लिखी गयी थी और जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने और सफलता पाने के लिए गीता पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। श्रीमद भागवत गीता 18 अध्याय और 700 श्लोकों का विश्व वंदनीय ग्रंथ है, स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा अर्जुन के निमित मानव मात्र को दिया गया यह गीता उपदेश हमारी श्रद्धा, आस्था और भावना का गौरव ग्रंथ तो है ही साथ ही जाति, वर्ग, वर्ण, ऊँच–नीच, निर्धन–धनवान आदि की संकीर्णताओं से अतीत सबके लिए समान रूप से उपयोगी भी है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां गीता जी की उपयोगिता सिद्ध न होती हो। किसी भी क्षेत्र की ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका समाधान इस पावन प्रेरक ग्रंथ में न हो। उन्होनें कहा कि संसार में जितने भी सुख है वह सारा का सारा ज्ञान के कारण है और जितना भी दुःख है अज्ञान के कारण है। इसलिए हर बुद्धिमान व्यक्ति दुःखों से छूटने हेतु ज्ञानी होना चाहता है वह ज्ञान की प्राप्ति करना चाहता है। ज्ञान ही प्रकाश है, जो अंतः और ब्रहम में फैलकर वस्तु तथा शब्दार्थों का साक्षात्कार कराता है। गीता के अध्ययन से इन सब चीजों की प्राप्ति होती है। श्री टण्डन ने कहा कि गीता के सर्वमान्य और प्रमाण स्वरूप अलौकिक ग्रंथ है। एक छोटे से आकार में इतना विशाल, योग, भक्ति और ज्ञान से पूर्ण ग्रंथ संसार की प्रसिद्ध भाषाओं में कोई दूसरा नहीं है और इसमें सभी धर्मों का सार भरा हुआ है। श्री टण्डन ने कहा कि प्रत्येक वर्ष मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की 11वीं तिथि मोक्षदा एकादशी के दिन गीता जयंती मनाई जाती है। धर्म शास्त्रों के अनुसार द्वापर युग में इसी दिन कुरूक्षेत्र के मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था।

व्यापार मण्डल के जिला महामंत्री रमेश अरोडा ने कहा कि गीता विश्व के सभी धर्मों के सर्वश्रेष्ठ धर्मग्रंथों में से एक है और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारे देश में आने वाले विभिन्न देशों के राजनेताओं और विदेशों में जाकर जिन नेताओं से मिल रहे हैं, उनको समय–समय पर श्रीमदभागवत गीता ही भेंट कर रहे हैं। साथ ही हरियाणा सरकार द्वारा भी गीता जयंती पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि कर्तव्य से भटके हुए अर्जुन को कर्तव्य सिखाने के लिए और आने वाली पीढ़ियों को धर्म, कर्म व ज्ञान सिखाने के लिए गीता ही सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है और यह ग्रंथ जीवन उत्थान के लिए स्वच्छ, स्वस्थ, सात्विक वातावरण निर्माण के लिए राष्ट्र तथा गौरव की पहचान के लिए मानवता की मुस्कान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें ज्ञान, भक्ति व कर्मयोग के मार्ग की विस्तृत व्याख्या की गयी है और गीता पढ़े आगे बढ़े यही हम सबका ध्येय होना चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन द्वारा उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को श्रीमद भागवत गीता की एक–एक प्रति भेंट की गयी। गोष्ठी में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन, जिला महामंत्री रमेश अरोडा जिला कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, संरक्षक व वरिष्ठ सलाहकार मेजर एस.के.सूरी, जिला संयोजक कर्नल संजय मिडढा, बेहट इकाई के महामंत्री सुधीर कर्णवाल, उपाध्यक्ष अशोक मलिक, मंत्री संजीव सचदेवा व शिवांग कर्णवाल आदि व्यापारी प्रतिनिधि शामिल रहे।

# साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया गया परेड का निरीक्षण

### शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने हेतु करवाया गया पुशअप, लगवाई गई दौड़

मीरजापुर। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात् जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए कराया गया पुशअप व लगवायी गयी दौड़, अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल तथा शस्त्र कवायद सहित दंगा निरोधक उपकरणों के प्रयोग की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'सन्तोष कुमार मिश्रा' द्वारा डॉग स्क्वाड की सलामी लेकर परेड पर उपस्थित जनपद के सभी थानों के वाहनों व डॉयल–112 पीआरवी वाहनों की चेकिंग की गयी इस दौरान वाहनों में रखे दंगा निरोधक उपकरणों, पीए सिस्टम, हूटर, बीकन लाइन सहित अन्य उपकरणों को चेक करते हुए रख–रखाव हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिए गये। पुलिस लाइन निरीक्षण के क्रम में क्वार्टर गार्द में गार्द की सलामी ली गयी तथा बेहतर कमाण्ड पर गार्द कमाण्डर का उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कृत किया गया तत्पश्चात वर्दी स्टोर, जिम, सहित विभिन्न शाखाओं सहित आदेश कक्ष में रजिस्टरों तथा अभिलेखों को चेक करते हुए सम्बन्धित को अभिलेखों को अद्यतन रखने के लिए साफ–सफाई एवं समुचित रख–रखाव के निर्देश दिए गये।

# अक्षमता एक, क्षमताएं अनेकः विधायक श्यामधनी राही

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित जनपद स्तरीय विशिष्ट बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल दिव्यांग बच्चों ने अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन कर लोगों को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया. जिला स्टेडियम में आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता का आगाज जलेबी कूद से हुआ जिसमें उस्का ब्लॉक के संदेश एवं कृष्णा ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय तथा जोगिया के आनंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. रस्साकशी बालिका वर्ग में कांटे की टक्कर के बाद सोनी, अफीफा, ममता, आफरीन, रोशनी, नन्दनी एवं गुड़िया की टीम ने बाजी मारी. बालक वर्ग रस्साकशी में आनंद, कान्हा, अंकित, संदेश, सलाहुद्दीन, विजय एवं जयराम की टीम ने विजयश्री प्राप्त की. बालकों की ट्राईसाईकिल दौड़ मुख्य आकर्षण का केंद्र रही जिसमें उस्का ब्लॉक के राजदेव, गौतम एवं सरस्वतीचन्द्र ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया. सामान्य दौड़ एवं कुर्सी दौड़ की प्रतियोगिताओं में भी दिव्यांग बच्चों का उत्साह एवं हौसला प्रशंसनीय रहा। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सदर विधायक श्यामधनी राही ने दिव्यांग जन एवं बच्चों के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्तियों, उपकरण वितरण तथा दिव्यांगों के पुनर्स्थापन हेतु संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अभिभावकों को इनका लाभ लेने हेतु अभिप्रेरित किया. विधायक ने कहा कि किसी दिव्यांग बच्चे में अक्षमता एक किंतु क्षमताएं अनेक हो सकती हैं, जिन्हें पहचान कर ऐसे बच्चों को पढ़ने बढ़ने का मौका देना हम सबका नैतिक दायित्व है. उन्होंने विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रसाद, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विनोद कुमार मिश्रा, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री ने दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अभिभावकों को इन्हें पढ़ने बढ़ने का भरपूर अवसर देने हेतु अभिप्रेरित किया। नियाज कपिलवस्तुवी के संचालन में संपन्न कार्यक्रम में बीईओ नौगढ़ धर्मेन्द्र कुमार पाल, बीईओ बर्डपुर अरूण कुमार जिला व्यायाम शिक्षक उपेन्द्रनाथ उपाध्याय, सत्येंद्र गुप्ता, शिक्षक नेता हरिशंकर सिंह, स्पेशल टीचर राकेश चौधरी, चित्ररेखा मिश्रा, सुषमा मिश्रा, अमिता शुक्ला, खुर्शीद अहमद, सुनील कुमार एवं शांति यादव सहित बड़ी संख्या में बच्चों, अभिभावकों एवं दर्शकों की उपस्थिति रही।



# 4 वर्षों से तहसील और थाने का परिक्रमा कर रहे, कई पीड़ित

पवन विश्वकर्मा/

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। नौतनवा तहसील क्षेत्र के कई ग्राम सभाओ मे आज भी दबंगों का दबदबा कायम है। कोल्हुई थाना क्षेत्र के जंगल गुलरिहा निवासी सोनिया चौहान ने अपने ही गांव के कुछ लोगों पर दबंगई का आरोप लगाते हुए जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत किया है कि गांव के ही मनबड़ लोग उसकी जमीन पर जबरिया कब्जा जमा लिए है। जिसको लेकर पिछले 4 साल से नौतनवा तहसील से लेकर कोल्हुई थाने का परिक्रमा कर रही है लेकिन उसकी कोई सुन नहीं रहा है। तहसील के अधिकारी से लेकर थानेदार तक केवल सनों का घुट पिला रहे हैं। सोनिया चौहान ने शनिवार को नौतनवा तहसील में उप जिलाधिकारी नौतनवा को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। इसी क्रम में नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महुअवा के मध्य नगर निवासी मनोज पांडे ने नौतनवा समाधान दिवस पर शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों द्वारा मेरे आराजी पर जबरिया कब्जा कर रखें उन्हें मना करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं जिसके लिए कई बार थाना दिवस से लेकर समाधान दिवस में शिकायती पत्र दे चुके हैं उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है प्रशासन के इस निष्क्रियता से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पांडे ने यह भी कहा कि हमने पैमाइश के लिए भी प्रार्थना पत्र दे रखा है किंतु उसमें भी संबंधित अधिकारी कर्मचारी लापरवाही बरत रहे है। अगर शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वह नौतनवा तहसील में धरने पर बैठने के लिए बाध्य होगे।



## दहेज हत्या के अभियोग से संबंधित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़ ।जनपद के थाना अन्तू से उ0नि0 अंकित सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध्वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र अन्तू के विद्यानगर मोड़ तिराहे के पास से 'मु0अ0सं0 404ध्2022 धारा–498ए, 304बी, 201 भारतीय दंड विधान व 3ध्4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम' से संबंधित वांछित 02. अभियुक्त '01. अभय प्रताप वर्मा पुत्र छोटे लाल वर्मा 02. छोटे लाल वर्मा पुत्र स्व0 रामनाथ वर्मा नि0गण दक्खिन का पुरवा थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़' को गिरफ्तार किया गया।

## दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़ ।पुलिस अधीक्षकप्रतापगढ़ सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना उदयपुर के प्रभारी निरीक्षक विजयकान्त सत्यार्थी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के 'मु0अ0सं0 231ध्22 धारा 376, 506 भादवि व 4(2) पाक्सों एक्ट' से संबंधित अभियुक्त 'मोनू सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह नि0 ग्राम टिकुरिया मजरा राजापुर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़'को थाना क्षेत्र के ननौती बार्डर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

## मतदान व मतगणना स्थल के 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन तथा तरल पदार्थ प्रतिबन्धित

प्रतापगढ़ ।सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत वं नगरीय निकाय) विनायक शुक्ल ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार नगरीय निकायों के सामान्य निर्वाचन–2022 के दृष्टिगत मतदान दिवसों पर उम्मीदवारों, उनके अभिकर्ताओं और मतदाताओं का मोबाइल फोन तथा तरल पदार्थ लेकर मतदान स्थल के 100 मीटर की परिधि में प्रवेश निषेध रहेगा। मतगणना की पूरी अवधि के दौरान उम्मीदवारों और उनके अभिकर्ताओं को मोबाइल फोन तथा तरल पदार्थ लेकर मतगणना स्थल पर भी प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर लगे कार्मिकों पर लागू नहीं होगा। इसके अतिरिक्त नगरीय निकायों के सामान्य निर्वाचन–2022 हेतु अपरान्ह 4.30 बजे के बाद अंधेरा होनेधविद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण मतदाताओं तथा मतदान दलों की सुविधा हेतु मतदान स्थलों पर एलईडीध्सीएफएल लाइट की व्यवस्था रहेगी ताकि मतदान में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

## रोजगार मेले का आयोजन 05 दिसम्बर को

प्रतापगढ़ ।जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि दिनांक 05 दिसम्बर 2022 को जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में पूर्वान्ह 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा विभिन्न रिक्त पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थी को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के उपरान्त उन्हें पुनः आनलाइन रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिये आनलाइन आवेदन करना होगा। पूर्व से वेबपोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी अपनी लागिन आईडी व पासवर्ड द्वारा रोजगार मेले में आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी समस्त मूल शैक्षिक योग्यताओं एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ परिसर में समय से प्रतिभाग करें।

## भागवत के मर्म को बनाएं जीवन का अलंकरणः आचार्य योगेश

लालगंज प्रतापगढ़ । क्षेत्र के बरीबोझ गांव में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर कथाव्यास व्याकरणाचार्य आचार्य योगेश जी महराज ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष की कक्षा का सार समझाते हुए श्रद्धालुओं से भागवत को जीवन का अलंकरण बनाने का आहवान किया। कथा मे शामिल महिला श्रद्धालुओं ने भक्तिमय गीत व भजन से भगवान श्रीकृष्ण महिमा उत्सव की समा बांधी। वहीं आयोजन समिति द्वारा कथाव्यास करपात्री धाम के आचार्य योगेश जी तथा कुलगुरू पं. चक्रधर शुक्ल को मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में प्रभावी भूमिका के लिए विशिष्ट लोगों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सह संयोजक धर्मेन्द्र तिवारी पप्पू तथा अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत वंदन किया। सम्मान कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संयोजक पं. जगतपाल तिवारी व वीरेन्द्र तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर डा. वीरेन्द्र मिश्र, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, महादेव प्रसाद मिश्र बम बम, अधिवक्ता रमेश पाण्डेय, हरिपाल ओझा, इं. सुनील पाण्डेय, श्रीकांत मिश्र, संतोष द्विवेदी, साकेत मिश्र, बाबा नरेन्द्र ओझा, रामचंद्र तिवारी, भइयाराम तिवारी, मुरलीधर तिवारी, आदि रहे।

## बिजली कर्मियों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा

सहारनपुर । घंटाघर स्थित बिजली घर में आज ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के स्वेच्छाचारी रवैया के विरोध में एवं बिजली कर्मियों की वर्षों से लंबित न्यायचित समस्या के समाधान हेतु आज विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के सभी घटक संघ, सेवा संगठनों के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा आज सत्येंद्र कुमार अधिशासी अभियंता की अध्यक्षता में पाली में कार्यरत कर्मचारी को छोड़कर शेष समस्त अधिकारियों के कर्मचारियों द्वारा कार्य बहिष्कार करते हुए विशाल विरोध सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने नारेबाजी करते हुए मांगे पूरी करने की मांग की तथा शीर्ष प्रबंधन के स्वेच्छाचारी रवैया एवं नकारात्मक कार्यशैली प्रणाली के कारण ऊर्जा निगमों को हो रही आर्थिक क्षति को रोकने एवं ऊर्जा निगमों में उत्पन्न किए गए व्यवधान के प्रति प्रबंधन द्वारा उपेक्षा नकारात्मक रवैया अपनाए जाने के कारण कोई भी सार्थक कार्यवाही ना होने से संघर्ष समिति ने सरकार प्रबंधक के ध्यान आकर्षण हेतु लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया और शीर्ष नेतृत्व ने बताया की ऊर्जा मंत्री से वार्तालाप जारी है और जल्द ही इन समस्याओं का हल निकल सकता है प्रदर्शन में मुख्य रूप से अधिशासी अभियंता सत्येंद्र कुमार,राजीव भट्ट,राजवीर सिंह,राकेश कुमार, एस के शर्मा,जितेंद्र कुमार,नितेश कुमार,अजय कनौजिया स,मनोज कुमार,नवल किशोर,नवीन कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

# सोनभद्र बार एसोसिएशन वर्ष 2022–23 चुनाव कार्यक्रम घोषित

## 22 को होगा मतदान, 23 को होगी मतगणना व विजयी पदाधिकारियों की घोषणा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में सोनभद्र बार एसोसिएशन के वर्ष 2022–23 के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। फिलहाल शुक्रवार को अध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क करते देखा गया। इतना ही नहीं अध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रत्याशियों की कचहरी परिसर में जगह–जगह बैनर, पोस्टर, पम्पलेट व होर्डिंग लग गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट सुरेश सिंह ने बताया कि सोनभद्र बार एसोसिएशन के वर्ष 2022–23 के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। 6 व 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे कबीच पर्चा का वितरण किया जाएगा। 7 व 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 3बजे के बीच पर्चा दाखिल किया जाएगा। 9 दिसंबर को आपत्ति, जांच व प्रत्याशियों के पर्चा दाखिला की सूची जारी की जाएगी। 12 दिसंबर को पर्चा की वापसी के साथ ही वैध प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। 13 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रत्याशियों में वितरण किया जाएगा। 19 दिसंबर को टेंडर मतदान तथा 22 दिसंबर



को मतदान एवं 23 दिसंबर को मतगणना एवं विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। इसके बाद एल्डर कमेटी के समक्ष कार्यकारिणी को शपथ दिलाई जाएगी। श्पर्चा शुल्क 1500 से 5000 तक, मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट सुरेश सिंह ने बताया कि विभिन्न पदों के लिए पर्चा शुल्क 1500 से 5000 रुपये के बीच है। उन्होंने यह भी बताया कि अध्यक्ष पद के लिए सर्वाधिक 5000 रुपये पर्चा शुल्क है। उसके बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष व महामंत्री के लिए 4000 रुपये पर्चा शुल्क है। इसी प्रकार से उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष का पर्चा 3000 रुपये शुल्क है। संयुक्त मंत्री 2500 रुपये, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य 2000 रुपये व कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य 1500 रुपये पर्चा शुल्क है।, अध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रत्याशियों ने किया सम्पर्क, राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर में सोनभद्र बार एसोसिएशन के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही सिर्फ अध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रत्याशियों के जरिए समर्थकों के साथ जनसंपर्क शुरू हो गया है। वहीं बैनर, पोस्टर, पम्पलेट व होर्डिंग से भी कचहरी परिसर गुलजार हो गया है। फिलहाल अध्यक्ष पद के लिए पूनम सिंह, नरेंद्र कुमार पाठक, हेमनाथ द्विवेदी, विजय प्रकाश वर्मा व उमेश मिश्रा द्वारा सम्पर्क किया जा रहा है। हालांकि अध्यक्ष पद पर मनोज कुमार पांडेय का भी नाम चर्चा में है। इसी प्रकार से महामंत्री पद पर राजीव कुमार सिंह गौतम, आनन्द कुमार मिश्र, अरुण कुमार सिंघल, शारदा प्रसाद मौर्या के जरिए सम्पर्क किया जा रहा है। हालांकि महामंत्री पद पर अजय दुबे व मनोज दुबे का भी नाम चर्चा में है। फिलहाल पर्चा दाखिला के बाद ही सही प्रत्याशियों के बारे में पता चलेगा।

# चन्द्रशेखर आजाद के जन्मदिन के अवसर पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ने मरीजो को बांटे फल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। म्योरपुर शनिवार को भीम आर्मी के संस्थापक एवं



आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के जन्मदिन के अवसर पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विवेक वर्मा द्वारा म्योरपुर सीएचसी में भर्ती मरीजों को फल एव ब्रेड बांटा गया। चिकित्साधिकारी संजीव विंद ने भी साथ मे मरीजो को फल वितरित किया।भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष वर्मा ने कहा कि भीम आर्मी के संस्थापक एड.चन्द्रशेखर आजाद साहब ने हमेशा से कमजोरों ,शोषितो ,मजदूरों एवं लाचारों के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने अपने संघर्ष के दम पर अपना और देश का नाम रोशन किया है। अमेरिका की टाइम पत्रिका ने विश्व भर के उभरते हुए नेताओ में चन्द्रशेखर आजाद को भी स्थान दिया है।इस दौरान भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष सागर गोंड़, चंदन कुमार, अमित कुमार, नागेंद्र कुमार, गोलू कुमार, अनिल कुमार इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कचहरी परिसर में मनाया गया अधिवक्ता दिवस





दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कचहरी परिसर रावस्ट्स गंज में शनिवार को अधिवक्ता दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट विनोद कुमार चौबे एवं पूर्व महामंत्री श्रीनिवास मिश्रा तथा वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को माल्यार्पण किया। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन सोनभद्र के उपाध्यक्ष एड पवन कुमार सिंह ने कहा कि आज ही के दिन भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद का जन्म हुआ था वह एक प्रख्यात अधिवक्ता भी थे। इसी कारण 3 दिसंबर को प्रत्येक वर्ष अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस दिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए अधिवक्ताओं को शीघ्र एवं सुलभ न्याय दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाने का संकल्प दोहराने की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज का विशिष्ट व्यक्ति होता है। जो अपने विवेक और बौद्धिक कुशलता से विभिन्न समाजों का नेतृत्व करने में पारंगत होता है। समस्त अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर सभी के लिए न्याय का रास्ता प्रशस्त करने में अपनी भूमिका को महत्व देने का संकल्प भी लिया। पूर्व महामंत्री डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के एड अतुल प्रताप पटेल ने कहा ने कहा कि अधिवक्ता ने पीड़ितों, वंचितों एवं वादकारियों को सुलभ एवं शीघ्र न्याय दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का संकल्प लिया। साथ ही एकजुट होकर न्याय के लिए सदैव तत्पर रहकर कार्य करने की शपथ ली। स्वतंत्रता ही नहीं अपितु जब स्वतंत्रता मिली और नये भारत को गढ़ने का समय आया तब भी वकीलों की महत्ता बनी रही। महात्मा गांधी से लेकर बी आर अम्बेडकर, सरदार पटेल तक लोग वकालत के पेशे से अपने जीवन की शुरुआत करने वाले रहे हैं।

इन सब भारत की महान विभूतियों के प्रारंभिक पेशे वकालत ही रहे बाद में यह लोग भले राष्ट्रपति ,मंत्री हुए परन्तु प्रारंभ में वकील ही रहे। अधिवक्ता दिवस के अवसर पर एड सत्यप्रकाश कुशवाहा, चौधरी कोमल सिंह, एड अशोक कुमार कनौजिया, एड शारदा प्रसाद मौर्या, एड अरुण कुमार सिंघल, एड प्रदीप कुमार, एड सुशील कुमार, एड वी पी सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# दहेज की मांग पूरी ना होने पर दूल्हा हुआ मंडप से फरार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। एक बाप अपनी बेटी की शादी के लिए क्या कुछ नहीं करता है अपनी बेटी को अपने क्षमता अनुसार सब कुछ देने का प्रयास करता है लेकिन दहेज के लोभी उनके सपनों को चूर चूर कर मंडप में ही इस बेटी को अकेला छोड़ कर चले जाते है उस समय क्या बीतता है एक पिता पर ऐसा ही एक मामला सामने आया बाराबंकी जनपद के एक गांव कुटी से जो जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ता है जहां एक पिता अपनी पुत्री का हाथ पीले करने की पूरी तैयारी कर चुका था लेकिन दहेज के लोभियों ने दो पहिया गाड़ी की मांग कर दी पूरा मामला जनपद बाराबंकी के थाना जहांगीराबाद का है जहां ग्राम कुटी में विवाह कार्यक्रम चल रहा था विवाह कार्यक्रम में बारातियों की ओर से आर्केस्ट्रा कराया गया था बारात घर पहुंची पूरी रीति रिवाज से कार्यक्रम का आरंभ किया गया तभी बीच में आर्केस्ट्रा देखने गए ग्रामीण और बारातियों के बीच मारपीट हो गया मारपीट के बाद बारातियों में दूल्हे के पिता व भाई मोटरसाइकिल की मांग कर दी जिसके चलते बारात पक्ष के लोगों ने बारात वापस दूल्हा समेत सभी बाराती मंडप छोड़कर चले गए वही लड़की पक्ष का यह भी कहना है कि लड़ाई झगड़ा तो एक बहाना है दहेज में अतिरिक्त मोटरसाइकिल की मांग पूरी ना होने के कारण मेरी बिटिया की शादी नहीं हो पाई है वही मंडप में बैठी मजबूर दुल्हन में कहां की अगर मेरी शादी उसी लड़के से नहीं होती है तो मैं अपनी जान दे दूंगी थाना जहांगीराबाद में पिता ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है वहीं थाना प्रभारी विनोद यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# सिरसिया ठकुराई में बिधायक द्वारा कलस्टर आवास का किया गया शिलान्यास

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विकासखंड कर्मा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरसिया



ठुकराई में घोरावल विधायक अनिल मौर्य द्वारा कलस्टर आवास का किया गया। शिलान्यास उक्त आवास में बिजली पानी रोड खेल मैदान पशु शेड सहित पूरी व्यवस्था शासन द्वारा की जाएगी उक्त कलस्तर आवास का भूमि पूजन करते हुए लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र दिया गया मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ अनिल मौर्य कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी रवि कुमार ने किया मुख्य रूप से ग्राम प्रधान राजकुमारी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा दिलीप मौर्य सुरेंद्र मौर्य विनोद जायसवाल हंसराज मौर्य संतोष मौर्य सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन विंध्यवासिनी मिश्र ने किया।

# पिता ने पुत्र व पुत्र वधु को किया परिवार से बेदखल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। पिता ने सपथ पत्र देकर अपने सगे पुत्र व पुत्र वधु को अपने परिवार से बेदखल कर दिया है। जिसकी लिखा पढ़ी दिवानी न्यायालय बाराबंकी में की गयी। अवगत करा दे की सबूर अख्तर पुत्र शहीम अखध्तर उम्र करीब 62 वर्ष निवासी ग्राम भेलसर तहसील व थाना रुदौली जनपद अयोध्या ने शासपथ बयान किया की उनके 6 पुत्र है। और उनका पुत्र महफूज अख्तर है जिसका विवाह चार वर्ष पूर्व मारिया बेगम से किया था मारिया बेगम व महफूज अख्तर में विवाह के बाद से आपसी विवाद होता रहता है जिस कारण से परिवार में आशांति व कलह का माहौल उत्पन्न हो गया है। दोनों पति पत्नी एक दूसरे के खिलाफ मारपीट व थाने शिकायत करते रहते है। अपने पुत्र व पुत्र वधु को उन्होंने काफी समझाने का प्रयास किया किंतु दोनो के रवैय्ये में किसी भी प्रकार का सुधार नहीं आया जिस कारण से सबूर अख्तर पुत्र शहीम अख्तर ने अपने पूरे होशो हवाश में जनपद बाराबंकी के दिवानी न्यायालय में उचित लिखा पढ़ी करवाते हुए अपने पुत्र महफूज अख्तर व पुत्र वधु मारिया बेगम को परिवार से बेदखल कर दिया है।

# प्राचार्य से मिल छात्रों नें इम्प्रूवमेंट फार्म भरने की तिथि बढाने कि मांग की

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिद्यालय ओबरा



में छात्रों नें प्राचार्य से मिल इम्प्रुमेंट फार्म भरने की तिथि बढाने की मांग जिससे जो छात्र किसी कारण बस फार्म नही भर पाये है उनका भी फार्म भरा जा सके उक्त अवसर पर मुकेश यादव, मुकेश देव पाण्डेय, करन सम्राट बिकास रंजन सरोज कुमार मिश्रा समेत अन्य छात्र भी मौजूद रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

**बुद्ध का संदेश**
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# समाजवादी पार्टी की देश बचाओ पद यात्रा का हुआ समापन



दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। समाजवादी पार्टी की देश बनाओ देश बचाओ कार्यक्रम के तहत 1500 किमी पद यात्रा का समापन घोरावल नगर के मुक्खा तिराहे पर सम्पन्न हुआ। यात्रा का नेतृत्व करते हुए प्रांतीय नेता अभिषेक यादव ने वर्तमान भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश मे लोकतंत्र खतरे में है हिन्दू और मुसलमान के नाम पर जहर घोला जा रहा है। बलात्कार, लूट और हत्या आम हो गयी है। गरीबों के घरों को उजाड़ा जा रहा है। घोरावल के पूर्व विधायक रमेश चंद्र दूबे ने कहा कि व्यापारियों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं, और बेरोजगारों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। घोरावल नगर में विद्युत आपूर्ति ठप है। पानी के लिए त्राहि त्राहि मचा है। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष विजय यादव एवम श्याम बिहारी यादव ने भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने का आह्वान किया और कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने से ही किसानों, नवजवानों ,छात्रों, महिलाओं का भला हो सकेगा। सभा को रामप्यारे सिंह पटेल, बरकत अली, त्रिपुरारी गोंड ,इनामुल हक अंसारी ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम में शामिल अन्य लोगों में काजू अग्रहरि,दीपक उमर ,बाबूलाल हाश्मी मुहम्मद नईम,शहाबुद्दीन, जयप्रकाश, शहाबुद्दीन, शब्बीर ,रमजान, लईक, बाबूलाल, दयाशंकर, नौशाद, शरीफ ,कमलेश सोनकर, बनारसी, रोशन, अजय यादव सोनू, हाफिज महताब रामलाल मौर्य आदि लोग शामिल रहे। संचालन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव ने किया।

# रोजाना एक मुट्ठी ब्लैकबेरी के सेवन से मिल सकते हैं ये 5 प्रमुख फायदे




ब्लैकबेरी विटामिन– सी, विटामिन– के, मैंगनीज और फाइबर जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर छोटा दानेदार फल है। इस फल के रोजाना मुठ्ठीभर सेवन करने से पाचन को स्वस्थ रखने, वजन नियंत्रित करने, मौखिक स्वास्थ्य सुधारने और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने जैसे कई प्रमुख फायदे मिल सकते हैं। आइए जानते हैं कि रोजाना ब्लैकबेरी का सेवन करने से आपको और क्या–क्या फायदे मिल सकते हैं।

हृदय को स्वस्थ रखने में कर सकती है मदद

कई विटामिन्स, फाइटोकेमिकल्स और खनिजों से भरपूर ब्लैकबेरी क सेवन हृदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। इनमें मौजूद एंथोसायनिन हृदय रोग से सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त ब्लैकबेरी कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल की ऑक्सीकरण प्रक्रिया को भी 50 प्रतिशत तक कम कर सकता है। एक अध्ययन के अनुसार, एंथोसायनिन अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने और खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकता है।

मस्तिष्क के लिए भी है मददगार

ब्लैकबेरी याददाश्त और एकाग्रता में सुधार करने में मदद कर सकती हैं। यह विषाक्त पदार्थों से मस्तिष्क की कोशिकाओं को सुरक्षित रखने में भी सहायक होती हैं। ब्लैकबेरी में मौजूद एंथोसायनिन मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है और याददाश्त को सुधार सकता है। यह फल डिमेंशिया के हल्के लक्षणों के जोखिम कम करने में भी सहायक है। कई शोध के अनुसार, रोजाना ब्लैकबेरी का सेवन करने से पार्किंसंस रोग होने की संभावना 23 प्रतिशत तक कम हो सकती है।

त्वचा के लिए भी है फायदेमंद

विटामिन– ए का बेहतरीन स्रोत मानी जाने वाली ब्लैकबेरी त्वचा के लिए भी फायदेमंद होती हैं। यह बढ़ती उम्र के प्रभाव को धीमा करने में मदद करने के साथ झुर्रियों, महीन रेखाओं और पिगमेंटेशन को कम करके एक अच्छी चमक दे सकती हैं। ब्लैकबेरी त्वचा की बनावट में सुधार करने और लोच बढ़ाने में भी सहायक हो सकती हैं। ये त्वचा को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाने में भी खासी प्रभावी है।

हड्डियों को दे सकती हैं मजबूती

ब्लैकबेरी में उच्च मात्रा में मैंगनीज मौजूद होता है, जो हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसके अतिरिक्त इनमें मौजूद विटामिन– के और कैल्शियम ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की बीमारी) के जोखिम कम करने में मदद कर सकता है और आपकी हड्डियों को मजबूत बना सकता है। ब्लैकबेरी में एलेगिक एसिड भी होता है, जो हड्डी के फ्रैक्चर के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है।

पाचन को सुधारने में है सहायक

ब्लैकबेरी में उच्च मात्रा में घुलनशील और अघुलनशील डाइटरी फाइबर से भरपूर होती हैं, जो पाचन कार्यों को सुधारने में मदद करता है और पेट की सूजन, अपच और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिला सकता है। इसके अतिरिक्त डाइटरी फाइबर लंबे समय तक पेट को भरा हुआ महसूस करवाकर अस्वास्थ्यकर स्नैकिंग से बचा सकता है और अतिरिक्त वजन को कम करने में मदद कर सकता है।

## नए शो जनम जनम का साथ को लेकर अस्मिता सूद बोलीं

शो जनम जनम का साथ में नकारात्मक किरदार निभाने वाली दिल ही तो है की अभिनेत्री अश्मिता सूद ने कहा कि उन्हें इसका हिस्सा बनना पसंद है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि शो जनम



जनम का साथ का शीर्षक बहुत उपयुक्त है क्योंकि यह इस बात का सटीक अंदाजा लगाता है कि कहानी क्या है जिसके बारे में पुनर्जन्म है। मुझे शीर्षक बहुत पसंद है। शो की कहानी तीन किरदारों के इर्द–गिर्द घूमती है और प्यार और नफरत के बारे में है। यह एक कहानी है कि कैसे जीवन समय के साथ आगे बढ़ गया है और ऐसी चीजें और भावनाएं हैं जो अभी भी अगले जीवन तक ले जाई गई हैं। उन्होंने कहा, मैं पहली बार एक नकारात्मक भूमिका में दिखूंगी। इस बार, मैंने थोड़ा प्रयोग करने के बारे में सोचा, जहां मैं मुख्य अभिनेताओं के लिए जीवन कठिन बना रही हूं क्योंकि मैं एक बहुत ही स्वामित्व वाली व्यक्ति हूं। उन्होंने कहा, मुख्य भूमिका निभाना बहुत जिम्मेदारी है, आपके कंधों पर बहुत कुछ है। लेकिन, इस बार, मुझे कोई दबाव महसूस नहीं हो रहा है क्योंकि मैं अपनी यात्रा का आनंद ले रही हूं। जब तक हम तीनों इस प्रक्रिया का आनंद लेते हैं , इसमें मजा आने वाला है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, इस बीच, अस्मिता प्रतिस्पर्धा से प्रभावित होने वाली नहीं है। बहुत प्रतिस्पर्धा है, लेकिन उससे कहीं अधिक अवसर हैं। वेब, शो, त्योहार की फिल्में, क्षेत्रीय फिल्में हैं। सभी माध्यमों के बीच की सीमाएं धुंधली हो रही हैं और यह बहुत सारे अवसर देती है। इसलिए, मैं फोन नहीं करूंगी। यह एक प्रतियोगिता है लेकिन अभिनेताओं के लिए एक अवसर है।






## गुलाबी गाउन में गुलाब सी निखरी Rakul Preet Singh, दिलकश अदाओं ने लूटी महफिल



बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो इस वक्त इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रही हैं। अभिनेत्री इन लेटेस्ट तस्वीरों में गुलाबी रंग का गाउन पहने नजर आ रही हैं। रकुल का ये गुलाबी गाउन अमित अग्रवाल द्वारा डिजाइन किया गया है और इसमें गुलाबी के अलावा काले और सिल्वर रंग भी हैं, जो इसे शानदार बना रहे हैं। खुले बालों और मिनिमम मेकअप के साथ उन्होंने अपने लुक को कम्पलीट किया है। हमेशा की तरह रकुल खूबसूरत और ग्लैमरस लग रही हैं।

अभिनेत्री की तस्वीरों को देखने वाले लोगों के लिए उनकी खूबसूरती से नजरें हटाना मुश्किल हो गया है। रकुल के फैंस उनकी इन तस्वीरों को जमकर सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। प्रोफेशन लाइफ की बात करें तो रकुल प्रीत सिंह की पिछले एक साल में बैक टू बैक पांच फिल्में रिलीज हुई हैं।

अभिनेत्री की जल्द ही दो फिल्में और रिलीज होने वाली हैं। रकुल की आखिरी फिल्म श्थैंक गॉडश रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के अपोजिट मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म में अजय देवगन भी नजर आए थे। इससे पहले अभिनेत्री की आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म श्डॉक्टर जीश बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी।

## एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री ने व्हाइट ब्रा मे दिखाया जलवा

बॉलीवुड अदाकारा अनुपमा अग्निहोत्री की बोल्डनेस और हॉटनेस सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। उनकी हॉट तस्वीरें फैंस को बेकरार किए रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस अनुपमा



अग्निहोत्री की लेटेस्ट तस्वीरों ने धमाल मचा रखा है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस और हॉट नजर आ रही है। अनुपमा अग्निहोत्री ने व्हाइट कलर की ब्रा और शार्ट्स पहन रखा है। साथ ही पिंक कलर की क्रॉप टी शर्ट का श्रग पहन रखा है। एक्ट्रेस अनुपमा अग्निहोत्री अक्सर अपनी हॉट एंड सेक्सी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव रहने वाली अनुपमा अपनी हॉट तस्वीरों को शेयर करती रहती है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इस बोल्ड आउटफिट में एक्ट्रेस अनुपमा अपना जमकर क्लीवेज फ्लॉन्ट करती रहती हैं।

# ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस क्या है? जानिए इसके कारण, लक्षण और बचाव के उपाय



जब शरीर में एंटी–ऑक्सीडेंट और फ्री रेडिकल्स के बीच असंतुलन होता है तो इससे ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस होने लगता है। आमतौर पर उम्र बढने की प्रक्रिया का एक हिस्सा माना जाने वाला ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस शरीर की कोशिकाओं और ऊतकों को नुकसान पहुंचा सकता है। बता दें कि लंबे समय तक ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस होने से कैंसर, हृदय की स्थिति और मधुमेह भी हो सकता है। आइए आज ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के कारण, लक्षण और बचाव के उपाय जानते हैं।

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस क्या है?

फ्री रेडिकल्स ऑक्सीजन युक्त अणु होते हैं, जो शरीर के कई असमान इलेक्ट्रॉनों को ले जाकर अन्य अणुओं के साथ आसानी से प्रतिक्रिया करने लगते हैं। ये आपके शरीर में ऑक्सीकरण नामक बड़ी श्रृंखला में रासायनिक प्रतिक्रियाओं का कारण बन सकते हैं। वहीं, एंटी–ऑक्साडेंट नामक तत्व फ्री रेडिकल्स को स्थिर करने और कम प्रतिक्रियाशील बनाने में मदद कर सकता है। हालांकि, दोनों के बीच असंतुलन ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस का कारण बनता है।

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के कारण

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को बढ़ाने के लिए मोटापा, चीनी से भरपूर चीजों का अधिक सेवन, तंबाकू सेवन सहित धूम्रपान अधिक करना आदि जिम्मेदार होते हैं। शराब, कुछ दवाओं का नियमित सेवन, औद्योगिक रसायनों और कीटनाशकों के संपर्क में आने से हालात और भी ज्यादा खराब हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, विटामिन– डी की कमी भी ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस का कारण बनती है।

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के लक्षणः ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के सामान्य लक्षणों में थकान, याददाश्त में कमी, त्वचा पर झुर्रियां पडना और बालों का सफेद होना शामिल है। इसके अलावा, यह मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द, शोर के प्रति संवेदनशीलता, आंखों की रोशनी कम होना और संक्रमण संवेदनशीलता भी पैदा कर सकता है।

शरीर पर ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के प्रभाव

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस शरीर के लिए बहुत हानिकारक होता हैं और एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में इसका प्रभाव भिन्न तरीके से पड़ता है। लंबे समय तक ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस शरीर में फैटी टिश्यू, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुंचा सकता है, जो समय के साथ कई बीमारियों का कारण बन सकता है। यह मधुमेह, शारीरिक सूजन, हाई ब्लड प्रेशर, एथेरोस्क्लेरोसिस और कैंसर का कारण बन सकता है।

इस स्थिति को नियंत्रित करने और बचाव के उपाय

फ्री रेडिकल्स स्वाभाविक रूप से शरीर द्वारा निर्मित होते हैं और यह पूरी तरह से सामान्य है। हालांकि, इनका बहुत अधिक या बहुत कम होना हानिकारक हो सकता है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। इन गंभीर परिणाम से सुरक्षित रहने के लिए अपनी डाइट में एंटी–ऑक्सीडेंट युक्त फलों और सब्जियों को शामिल करें, प्रोसेस्ड चीजों का सेवन सीमित करें, रोजाना एक्सरसाइज करें और धूम्रपान छोड़ दें। इसके साथ ही पर्याप्त नींद लें और ज्यादा खाने से बचें।